18 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 60









## झारखंड का केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ बकाया

# भाजपा सांसद जायज मांग के लिए आवाज बुलंद करें : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने भाजपा सांसदों से सोशल मीडिया पर की अपील
- केंद्र ने लोकसभा में बकाया की बात से किया था इंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक लाख 36 हजार करोड़ के बकाये का मुद्दा गरमा गया है। केंद्र सरकार द्वारा कोई बकाया नहीं होने की बात कहने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि हमारी मांग जायज है। मंगलवार को उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य के भाजपा सांसदों से मदद मांगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, झारखंड भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारी जायज मांग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज जरूर बुलंद करेंगे। राज्य के विकास के लिए ये अति आवश्यक है। बता दें कि झारखंड सरकार केंद्र से कोयला रॉयल्टी का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये लंबे समय से मांग रही है। अब इस बकाये को लेकर केंद्र सरकार ने अपना जवाब दे दिया है। केंद्र सरकार ने साफ कह दिया है कि झारखंड का कोई कर बकाया नहीं है।



### सांसद पप्पू यादव के सवाल का दिया जवाब

दरअसल, बिहार के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन (पप्पू यादव) ने लोकसभा में सवाल पूछा था कि कोयले से राजस्व के रूप में अर्जित कर में झारखंड सरकार की हिस्सेदारी 1.40 लाख करोड़ केंद्र सरकार के पास बकाया है। उसे ट्रांसफर नहीं किया जा रहा है। इसके क्या कारण हैं? इस पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने अपने लिखित जवाब में कहा है कि यह सही नहीं है। कोयले से प्राप्त 1.40 लाख करोड़ रुपये के राजस्व के रूप में अर्जित कर में झारखंड सरकार का कोई हिस्सा केंद्र सरकार के पास लंबित नहीं है। राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है।

### हेमंत सोरेन हर मंच पर उठा रहे मामला

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र के पास बकाया के मुद्दे को हर मंच पर उठाया है। चुनाव के दौरान झामुमो की तरफ से यह एक मुद्दा भी था। मुख्यमंत्री कई बार अलग-अलग मंच से अलग-अलग मौके पर केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया देने का आग्रह करते रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 24 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा था और बकाया राशि देने का आग्रह किया था।

### पहली कैबिनेट में सरकार ने किया पारित

लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तत्काल बाद हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की बैठक में केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया के लिए कानूनी कदम उठाने संबंधित प्रस्ताव पारित किया था। इस बीच सोमवार को केंद्र सरकार ने लोकसभा में बकाया की बात से इंकार किया है। अब यह मामला उलझता दिख रहा है।

# लोस में एक देश-एक चुनाव बिल पेश

## बिल पेश करने को लेकर हुई वोटिंग, पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े

कांग्रेस बोली, सरकार के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को 'एक देश, एक चुनाव' के लिए 129वां संविधान (संशोधन) बिल पेश किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग करायी गयी। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ। बिल को पेश करने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। उधर, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' बिल, भाजपा की देश में तानाशाही लाने की कोशिश है।

पर्ची से मतदान होने के बाद पक्ष में वोट बढ़ेः

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में मंगलवार को 12:10 बजे 'एक देश, एक चुनाव' बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग करायी। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जतायी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है, तो पर्ची दे दीजिये। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे, तो वह पर्ची के जरिये भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1:15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया।

**बिल पास करने के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी:** दोनों सदनों में संविधान संशोधन बिल पास होने के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। लोकसभा की 543 सीटों में एनडीए के पास अभी 292 सीटें हैं। दो तिहाई बहुमत के लिए 362 का आंकड़ा जरूरी है। वहीं, राज्यसभा की 245 सीटों में एनडीए के पास अभी 112 सीटें हैं, वहीं छह मनोनीत सांसदों का भी उसे समर्थन है, जबकि विपक्ष के पास 85 सीटें हैं। दो तिहाई बहुमत के लिए 164 सीटें जरूरी हैं। केंद्र सरकार विधेयक पर आम सहमति बनाना चाहती है। सरकार इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज सकती है।



### 15 दलों ने किया विरोध

'एक देश, एक चुनाव' पर बनी रामनाथ कोविंद समिति को 47 राजनीतिक दलों ने अपनी राय दी थी। इनमें 32 दलों ने समर्थन किया था और 15 दलों ने इसका विरोध किया था। विरोध करने वाले दलों के पास 205 लोकसभा सांसद हैं। यानी बिना इंडिया गठबंधन के समर्थन के संविधान संशोधन बिल पास होना मुश्किल है।

### सरकार ने सदन में दो बिल पेश किये

सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़े दो बिल लोकसभा में पेश किये। पहला, संविधान (129वां संशोधन) बिल। दूसरा, केंद्र शासित कानून (संशोधन) बिल 2024। केंद्र शासित कानून के तहत I पुड्डुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराये जा सकेंगे। इस संशोधन बिल के जरिये इन तीन एक्ट में बदलाव किया जाना है। इनमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट- 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली- 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गेनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं।

## न्यूज रील्स

### महिला थाना प्रभारी सस्पेंड, कोतवाली इंस्पेक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र मारवाड़ी कन्या विद्यालय में लड़कियों के साथ छेड़खानी मामले में एसएसपी ने कार्रवाई की है। रांची पुलिस ने देर शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्कूली लड़कियों से छेड़खानी मामले में जब स्कूल प्रबंधन द्वारा कोतवाली थाना और महिला थाना को सूचना दी गयी थी तो वहां के पुलिसकर्मियों एवं पुलिस पदाधिकारी ने संवेदनशीलता नहीं दिखायी। इस अकर्मण्यता एवं लापरवाही के लिए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची की महिला थाना प्रभारी पिंकी साव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा के निलंबन एवं विभागीय के कार्यवाही की अनुशंसा डीआइजी से की है। उधर, चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया है, जिनमें कोतवाली थाना के एक एसआइ, मुंशी और महिला थाना की एक एसआइ और मुंशी शामिल हैं। निलंबित होनेवाले पुलिसकर्मियों के नाम सनातन हेंब्रम, अविनाश कुमार, उर्मिला कोरबा और उषा कुमारी हैं।

# हाइकोर्ट की जेएसएससी सीजीएल रिजल्ट पर रोक

- कहा, पुलिस एफआइआर दर्ज करे और जांच कर रिपोर्ट दे
- 22 जनवरी को फिर होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। यह रोक अगले आदेश तक के लिए लगायी गयी है। वहीं अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआइआर दर्ज करे और जांच कर रिपोर्ट सौंपे। इस याचिका की अगली सुनवाई 22 जनवरी 2025 को होगी।




### अभी सिर्फ डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो रहा

हाइकोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल के परीक्षाफल पर रोक का आदेश दिया है। जेएसएससी अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय को बताया कि अभी सिर्फ डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जा रहा है। अंतिम परीक्षाफल नहीं निकाला जा रहा है। इस पर कोर्ट ने अंतिम आदेश तक परीक्षाफल प्रकाशित नहीं करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में संबंधित परीक्षा से जुड़ी शिकायतों को लेकर कदाचार मुक्त परीक्षा अधिनियम - 2023 के आलोक में की गयी कार्यवाही से भी अवगत कराने का निर्देश दिया है। इस संदर्भ में राज्य सरकार को अगली तिथि में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

# पारा शिक्षकों के खिलाफ दर्ज मामला वापस लेने में कानूनी पेंच

## रांची डीसी ने लोक अभियोजक को लिखा पत्र, मंतव्य मांगा

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के लालपुर थाना में पारा शिक्षकों के खिलाफ वर्ष 2018 में जो मामला दर्ज हुआ था, उसे वापस लेने में कानूनी पेंच है। पारा शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की थी कि लालपुर थाना में उनके खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ है, उसे वापस ले लिया जाये। लालपुर थाना में 15 नवंबर 2018 को आंदोलनरत पारा शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसमें सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने, सरकार विरोधी नारे लगाने, आयोजन स्थल और सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ करने का आरोप है। उस समय तैनात मजिस्ट्रेट ने यह प्राथमिकी दर्ज करायी थी।



**गृह विभाग ने डीसी को पत्र लिखा:** 30 सितंबर 2024 को गृह विभाग की ओर से रांची के उपायुक्त को एक पत्र लिखा गया है। इसमें लालपुर थाना में दर्ज पारा शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की कार्रवाई करने को कहा गया। इस मामले में जो धाराएं लगायी गयी हैं, वे काफी गंभीर प्रकृति की हैं। इस मामले को वापस लेने के लिए सरकार के स्तर से पहल करनी होगी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही मामला वापस हो सकता है। वह भी जरूरी नहीं है कि न्यायालय सरकार की अनुशंशा को मान ले।

### डीसी ने लोक अभियोजक से मांगा मंतव्य

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने 2 दिसंबर 2024 को लोक अभियोजक को पत्र लिख कर पूरे मामले में एक मंतव्य मांगा है। मंतव्य के आधार पर ही उपायुक्त अपनी अनुशंसा गृह विभाग को भेजेंगे।

### राजस्थान के 100% घरों तक नल से पानी पहुंचेगा: मोदी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर में पार्वती-कालसिंध-चंबल-इआरसीपी परियोजना का शिलान्यास किया। भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरा होने के कार्यक्रम में पहली बार राजस्थान-मध्य प्रदेश की परियोजना के समझौते को भी सार्वजनिक किया गया। पीएम ने इस परियोजना में देरी के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाधान की बजाय राज्यों के बीच जल विवाद को ही बढ़ावा देती रही। अब राजस्थान के 100% घरों तक नल से पानी पहुंचेगा। मोदी ने कहा कि इस परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर वाली मप्र और राजस्थान के सीएम की फोटो कोई सामान्य नहीं है। आने वाले सालों में देशभर के लोग ये फोटो दिखाकर उनके राजनेताओं से पूछेंगे कि आप पानी पर राजनीति ही करते रहे। पानी समुद्र में बह गया, लेकिन एक कागज पर दस्तखत क्यों नहीं कर पाये।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,800 रु./10 ग्राम
चांदी 92,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड ही नहीं, देश का भी नुकसान करेगा बकाये पर टकराव

## ■ केंद्र का बकाये से इनकार के बाद अब झारखंड के साथ उसके रिश्ते बिगड़ेंगे

## ■ 1.36 लाख करोड़ के बकाये का मुद्दा मिल-बैठ कर सुलझाने की है जरूरत

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार सरकार बनने के बाद अब केंद्र के साथ पहले टकराव की जमीन तैयार हो गयी है। केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के 1.36 लाख करोड़ के बकाये के दावे को नकारे जाने के बाद यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। झारखंड सरकार का दावा है कि राज्य में कोयला खनन की रॉयल्टी और खदानों के लिए जमीन अधिग्रहण के एवज में केंद्र के पास यह रकम बकाया है, लेकिन केंद्र सरकार ने लोकसभा में इस संबंध में पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड का उसके पास कोई बकाया नहीं है। केंद्र के इस स्टैंड पर झारखंड सरकार ने विरोध जताया है। केंद्र सरकार द्वारा बकाये से इनकार किये जाने के बाद मुख्यमंत्री सीएम हेमंत सोरेन ने दोहराया है कि झारखंड की मांग जायज है। उन्होंने राज्य के सांसदों से इस बकाये के लिए संसद में आवाज उठाने का आग्रह किया है। राज्य में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान बकाये का यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया था। झारखंड सरकार ने चार बार इस मुद्दे को लेकर केंद्र को चिट्ठी लिखी थी, लेकिन केंद्र से कोई जवाब नहीं आया। हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को लेकर अदालत में जाने तक की बात कही है। अब केंद्र द्वारा बकाये से इनकार किये जाने के बाद झारखंड के साथ उसके रिश्तों में खटास आना अवश्यंभावी हो गया है। यह खटास न केवल झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है, क्योंकि देश की ऊर्जा जरूरतों के लिए कोयले का 40 फीसदी हिस्सा झारखंड ही देता है। दूसरे खनिज भी झारखंड से ही मिलते हैं। इसलिए बकाये के मुद्दे पर अब दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर इसे सुलझाने की जरूरत है, ताकि रिश्तों में खटास पैदा नहीं हो। क्या है 1.36 लाख करोड़ के बकाये का विवाद और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

**झारखंड** का सियासी माहौल अचानक एक बार फिर गरम हो गया है। इसका कारण केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी का लोकसभा में दिया गया वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है। उन्होंने दो दिन पहले लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि केंद्र सरकार के पास कोयले के राजस्व का झारखंड का कोई हिस्सा लंबित नहीं है। केंद्र के इस जवाब के बाद झारखंड में सियासी तौर पर बवाल मचना स्वाभाविक है।

### क्या है बकाये का मुद्दा

कोयला और दूसरे खनिजों की रॉयल्टी का यह मुद्दा इसी साल अगस्त में पैदा हुआ। इसी साल 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को 1 अप्रैल 2005 के बाद से रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूल करने का अधिकार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 1989 के एक फैसले को पलटते हुए कहा था कि राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स लगाने का अधिकार है। पहले यह अधिकार केंद्र सरकार के पास होता था। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खनन कंपनियों द्वारा खनिज संपन्न राज्यों को बकाये का भुगतान अगले 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने खनिज संपन्न राज्यों को रॉयल्टी के बकाये के भुगतान पर किसी तरह का जुर्माना नहीं लगाने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश केंद्र की उस याचिका को खारिज करते हुए दिया था, जिसमें 25 जुलाई के फैसले के संभावित प्रभाव के बारे में पूछा गया था। इस फैसले में राज्यों को खनिज अधिकारों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने के अधिकार को बरकरार रखा गया था और उन्हें 1 अप्रैल, 2005 से रॉयल्टी का बकाया मांगने की अनुमति दी गयी थी।

### झारखंड ने की थी मांग

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद झारखंड सरकार ने हिसाब लगाया कि केंद्र सरकार के पास उसके रॉयल्टी मद में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं। इस बकाये के भुगतान के लिए मुख्यमंत्री से लेकर मुख्य सचिव तक ने केंद्र को पत्र लिखा था। सीएम हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 24 सितंबर को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। चुनाव में इसे मुद्दा भी बनाया था। बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर कोयला रॉयल्टी के रूप में राज्य को कथित रूप से देय



1.36 लाख करोड़ रुपये के भुगतान की मांग की थी। पीएम को लिखे पत्र में सीएम ने कहा था कि कोयला कंपनियों पर हमारा 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया है। कानून में प्रावधानों और न्यायिक घोषणाओं के बावजूद कोयला कंपनियां भुगतान नहीं कर रही हैं। ये सवाल आपके कार्यालय, वित्त मंत्रालय और नीति आयोग सहित विभिन्न मंचों पर उठाये गये हैं, लेकिन अभी तक इसका भुगतान नहीं किया गया है। सीएम ने कहा था कि बकाया राशि का भुगतान न होने के कारण झारखंड का विकास और आवश्यक सामाजिक-आर्थिक परियोजनाएं बाधित हो रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी जैसी सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाएं धन की कमी के कारण जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पा रही हैं।

### क्या है बकाये का हिसाब

यह सही है कि झारखंड का सामाजिक-आर्थिक विकास मुख्य रूप से खनन और खनिजों से होने वाले राजस्व पर निर्भर करता है, जिसमें से 80 प्रतिशत कोयला खनन से आता है। विभिन्न स्रोतों से जो जानकारी सामने आयी है, उससे साफ हो गया है कि झारखंड में काम करने वाली कोयला कंपनियों पर मार्च 2022 तक राज्य सरकार का लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया है। इसमें धुले कोयले की रॉयल्टी के मद में 2900 करोड़, पर्यावरण मंजूरी की सीमा के उल्लंघन के एवज में 32 हजार करोड़, भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में 41 हजार 142 करोड़ और इस पर सूद की रकम के तौर पर 60 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं।

### 2020 में ढाई सौ करोड़ दिया था

केंद्र द्वारा बकाये से इनकार किये जाने के बाद अब यह सवाल उठाया जा रहा है कि जब झारखंड का कोई बकाया नहीं है, तब 2020 में तत्कालीन कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ढाई सौ करोड़ रुपये की रकम क्यों दी थी। यह रकम कोयला कंपनियों द्वारा जमीन लिये जाने के एवज में बकाये रकम के रूप में दी गयी थी। उस समय कहा गया था कि कोयला कंपनियों के पास झारखंड का करीब आठ हजार करोड़ रुपये बकाया हैं। यह बकाया केवल जमीन की कीमत का है।

### केंद्र-राज्यों के बीच के आर्थिक रिश्ते

जहां तक केंद्र और राज्यों के बीच वर्तमान आर्थिक रिश्तों का सवाल है, तो 2024-25 में राज्यों के राजस्व का करीब 42 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार से आने का अनुमान है। लेकिन जैसा हाल दिख रहा है, उसमें लगता नहीं कि इतने भर से काम चल जायेगा। तमिलनाडु, पंजाब, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना ने खनिज रॉयल्टी के बकाये की मांग पहले ही रख दी है। इस मुद्दे पर कई राज्यों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार तक कर दिया था। इन राज्यों ने केंद्र पर राज्य का फंड रोकने का आरोप लगाया है।

### मिलजुल कर खोजना होगा रास्ता

अर्थशास्त्री कहते हैं कि पिछले दो दशकों में केंद्र के स्तर पर सेस लगाने का चलन बढ़ा है। केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी वित्त आयोगों की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है, लेकिन सेस में राज्यों को कुछ नहीं मिलता। वहीं, राज्य जीएसटी के चलते अपने राजस्व स्रोत घटने की शिकायतें करते रहे हैं। कैश ट्रांसफर योजनाओं में भी संयम की जरूरत है। केंद्र और राज्यों को मिलजुल कर इसका रास्ता निकालना होगा।

### झारखंड के साथ टकराव से नुकसान

इधर बकाये को लेकर झारखंड के साथ टकराव से देश का नुकसान होना तय है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों को बैठना होगा। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि आंकड़ों का हिसाब है। झारखंड का पक्ष जानना भी जरूरी है। यदि तनाव बढ़ा, तो झारखंड में इसकी प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसका नुकसान पहले भी दिख चुका है। खनिजों का परिवहन रोकने से लेकर आर्थिक नाकेबंदी तक का परिणाम देश भुगत चुका है। इसलिए इस बकाये के मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाना ही अच्छा होगा।

---

## गृह सचिव और डीजीपी ने चतरा में की समीक्षा बैठक, कहा-
# वाहनों में आगजनी होने वाले क्षेत्र के थाना प्रभारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** गृह सचिव वंदना डादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने संयुक्त रूप से चतरा जिले में अवैध अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान कई एजेंडा बिंदुओं पर विमर्श किया गया और कई दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि रांची, चतरा, हजारीबाग और लातेहार समेत कई जिलों में हाल ही के दिनों में स्प्लिंटर्स ग्रुप द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। जिस पर लगाम लगाना अति आवश्यक है, परंतु या देखा जा रहा है कि आगजनी जिस क्षेत्र में होती है उससे संबंधित थाना प्रभारी द्वारा सिर्फ अज्ञात के खिलाफ कांड दर्ज कर अनुसंधान समाप्त कर दिया जाता है। अगर भविष्य में किसी थाना क्षेत्र में उक्त रिप्लिंटर ग्रुप द्वारा आगजनी की घटना होती है तो संबंधित थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित डीएसपी और एसपी से भी स्पष्टीकरण मांगा जायेगा।




**अफीम की खेती को रोकने के लिए दिये निर्देश :** अवैध अफीम की खेती की रोकने के लिए पुलिस और वन विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित किया जाये और आवश्यकता अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाये। अफीम की खेती सुदूरवर्ती क्षेत्रों और वन भूमि में की जाती है, इसलिए वन पदाधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। डीजीपी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि जिन भूमि में अफीम की खेती की जाती है, उसे विनष्टिकरण के बाद थाना में सनहा दर्ज किया जाता है, जो उचित नहीं है। जिस भी भूमि पर अवैध अफीम की खेती का विनष्टिकरण किया जाता है, तो उसके बाद निश्चित रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाना सुनिश्चित किया जाये।

### एनएच पर स्थित होटल और ढाबों की नियमित रूप से जांच करें

डीजीपी ने कहा कि एसपी चतरा, हजारीबाग, लातेहार और एसपी ग्रामीण रांची नेशनल हाइवे पर स्थित होटल और ढाबों की नियमित रूप से जांच करना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में अपर प्रधान सचिव शशि रंजन, आइजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर, डीआइजी सुनील भाष्कर, एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसपी एटीएस ऋषभ झा, सहित वरीय अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

---

# राज्य के हर कोने में भ्रष्टाचार व्याप्त : बाबूलाल मरांडी

**धनबाद के भवन प्रमंडल में 146 टेंडर को लेकर धांधली, ठेकेदारों के बीच खुलेआम हुई बंदरबांट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सरकार में झारखंड के हर होने में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कर्मचारी से अधिकारी तक सभी भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह डूबे हुए हैं। ऐसे में प्रदेश की जनता न्याय की उम्मीद भी करे, तो आखिर किससे। यह सवाल झारखंड के हर गली-मोहल्ले में गूंज रहा है।



मरांडी ने कहा कि धनबाद में भवन प्रमंडल के 146 टेंडरों को लेकर बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। यहां टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर अब सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदारों के बीच टेंडरों की बंदरबांट खुलेआम हुई, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में ही 20 करोड़ रुपये के टेंडर मैनेज करने की सहमति बनी। मरांडी ने कहा है कि ठेकेदारों को ठेका मिलने के एवज में कथित तौर पर मोटी रकम देने को कहा गया, जिसके बाद नाम तय किये गये। इस दौरान खुलेआम लेन-देन की तस्वीरें सामने आयी हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। सरकारी कामकाज में इमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद के विपरीत यह घटना व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती है, जिसने आम जनता के विश्वास को झकझोर दिया है। मरांडी ने कहा कि इस मामले ने उन गरीब और जरूरतमंद लोगों के हितों को आहत किया है, जो विकास कार्यों के सही तरीके से लागू होने पर निर्भर रहते हैं। यह सिर्फ भ्रष्टाचार का एक उदाहरण भर नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों और संसाधनों के दुरुपयोग का गंभीर मामला है।

---

## जामताड़ा के राइस मिल में जिला प्रशासन का छापा
# बांग्लादेश चावल सप्लाई करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा थाना क्षेत्र के बेना स्थित रामेश्वरा राइस मिल में जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान प्रशासन ने अवैध रूप से रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश के बोरे में चावल पैक करते हुए पकड़ा है। आरोप है कि चावल के बोरे को बंग्लादेश सप्लाई करने की तैयारी चल रही थी। डीसी कुमुद सहाय के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी



राजशेखर, डीसीओ सुजीत कुमार, सीओ सह एमओ अबिश्वर मुर्मू सहित अन्य पुलिस बल की टीम ने राइस मिल में कार्रवाई की।

**अवैध चावल के व्यापार पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गयी कार्रवाई :** जामताड़ा के राइस मिल में छापेमारी के दौरान बांग्लादेश के चावल का बोरा बरामद किया गया है, जिसके बाद राइस मिल को सील करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिला प्रशासन की यह कार्रवाई अवैध चावल के व्यापार और स्थानीय बाजार में मिलावटी चावल की आपूर्ति को रोकने के लिए की गयी है।

---

# जैक 10वीं और 12वीं की परीक्षा 11 फरवरी से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने वर्ष 2025 की मैट्रिक (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। इन परीक्षाओं का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च तक किया जायेगा। मैट्रिक की परीक्षा सुबह 9.45 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। वहीं इंटर की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी।




एडमिट कार्ड जनवरी 2025 में जारी किये जायेंगे। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड लेकर ही परीक्षा केंद्र पर जाना होगा। बता दें कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा पुराने पैटर्न पर होगी। परीक्षा में लगभग 6 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

---

# हाइकोर्ट ने इंस्पेक्टर और एसआइ को दी एक महीने की सजा, 50 हजार का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने जगन्नाथपुर थाना के तत्कालीन प्रभारी और फिलहाल पाकुड़ जिले में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हरिदेव प्रसाद और सब इंस्पेक्टर राजीव रंजन को एक महीने जेल की सजा दी है। साथ ही अदालत ने दोनों पुलिस अधिकारियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल रांची के




रहने वाले इरशाद नाम के युवक ने जगन्नाथपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी और सब इंस्पेक्टर राजीव रंजन के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि इरशाद पर चोरी का मामला दर्ज होने के बाद बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किये उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और उसे पुलिस कस्टडी में प्रताड़ित भी किया गया। इरशाद की ओर से दाखिल याचिका पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट में सुनवाई हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.8 °c | 9.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.05 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.23 बजे | |



## कोल रॉयल्टी की बकाया राशि के लिए केंद्र को दी चुनौती

# राज्य से एक गाड़ी कोयला नहीं जाने देंगे : सुप्रियो भट्टाचार्य

**जेएमएम अब कानूनी रूप से लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड का केंद्र सरकार पर बकाया कोल रॉयल्टी के पैसे को लेकर विवाद रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस लेकर अब जेएमएम ने आरपार की लड़ाई लड़ने की बात कही है। जेएमएम की ओर से मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को वार्ता कर इसके संकेत दिये हैं। केंद्र को चुनौती देते हुए कहा है कि बकाया पैसा मिलने तक झारखंड से एक गाड़ी भी कोयला उठने नहीं देंगे। मोर्चा अब कानूनी रूप से लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। जेएमएम नेता ने कहा, कोयला मंत्री ने झारखंड आकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और राज्य का बकाया पैसा वापस करने की बात कही थी। लेकिन केंद्र अब इससे इनकार कर रहा है। सुप्रियो ने कहा, जब सदन में बकाया पैसा का सवाल पप्पू यादव ने उठाया तो इस पर लोकसभा में जवाब दिया गया कि कोई पैसा बकाया नहीं है। कहा कि तथ्य को छुपा कर कोल के पैसे का जिक्र नहीं किया गया। इस पर जेएमएम ने कहा कि नाटक करना बंद कर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। कहा, हमारी जमीन और हमारा कोयला तो इस पर किसी की मर्जी नहीं चलने दी जायेगी। सुप्रियो ने कहा, भू और राजस्व विभाग के द्वारा साफ किया गया है कि 15 दिनों में अगर इस पर कोल इंडिया जवाब नहीं देता है तो झारखंड से कोयला निकलने नहीं देंगे। जेएमएम नेता ने कहा, झारखंड का कोयला है और इसका नुकसान झारखंड की जनता झेले, विस्थापन यहां के लोगों का होगा। बीमारी हम झेलें और आप मजा मारने का काम करेंगे। ऐसा अब नहीं चलने वाला है। कहा, रॉयल्टी का पैसा के लिए हम लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। कहा, यह सरकार हार मानने वाली सरकार नहीं हैं।



## केंद्र के इनकार के बाद मंत्री दीपक बिरुआ ने दिया कोल रॉयल्टी की बकाया राशि का हिसाब

**कहा-जारी रहेगी लड़ाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोल रॉयल्टी के मद में बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये देने से केंद्र सरकार ने इनकार कर दिया है। केंद्र ने कहा है कि झारखंड का इस तरह का कोई पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है। इसके जवाब में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बकाया राशि का विवरण दिया है। उन्होंने कहा, झारखंड की मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक और विस्थापितों के विकास के लिए हमारा बकाया देने से केंद्र सरकार ने इनकार कर दिया।

**बिरुआ ने बकाया राशि का विवरण इस प्रकार दिया है-** कुल बकाया राशि लगभग 1,36,042 करोड़ है। वॉश्ड कोयला रॉयल्टी के रूप में 2,900 करोड़, पर्यावरण मंजूरी सीमा के उल्लंघन के लिए 32,000 करोड़, भूमि अधिग्रहण मुआवजे के रूप में 41,142 करोड़ (38,460 करोड़-जीएम भूमि और 2,682 करोड़ जीएमजेजे भूमि के लिए)। इस पर लगी सूद की रकम 60,000 करोड़, कुल 1,36,042 करोड़।

बिरुआ ने आगे कहा, इनकी नियत ही प्रारंभ से झारखंडियों को दबाने और उनका हक-अधिकार छीनने की रही है। लेकिन हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे। झारखंडियों के हक-अधिकार के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

बकाया कोल रॉयल्टी झारखंड विधानसभा चुनाव से ही एक बड़ा मुद्दा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। अब इसका जवाब केंद्र से मिल चुका है। केंद्र सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि झारखंड का रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र पर बकाया नहीं है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि झारखंड के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है।



### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा। |
| वृष | कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी। |
| मिथुन | कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी। |
| कर्क | शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। |
| सिंह | राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है। |
| कन्या | प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे। |
| तुला | सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृश्चिक | नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी। |
| धनु | आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। |
| मकर | अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| कुंभ | सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख। |
| मीन | लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है । |

# झारखंड में अब प्रखंड स्तर पर लगेगा पशु बाजार: शिल्पी नेहा

**पशु धन को लेकर विभाग किसानों के लिए जारी करेगा रेट चार्ट**

**मांडर के चार मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट का मंत्री ने किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** झारखंड में जल्द ही प्रखंड स्तर पर पशु बाजार शुरू होने वाला है, जिसका उद्देश्य किसानों को वाजिब दर पर अच्छे नस्ल की गाय और अन्य पशु उपलब्ध कराना है। इस पहल की घोषणा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र मांडर के दौरे के दौरान की।

पशु बाजार में खरीद-फरोख्त को पारदर्शी बनाने के लिए पशु रेट चार्ट जारी किया जायेगा। इसके अलावा, विभाग पशुधन योजना को लेकर किसानों के लिए कैलेंडर भी जारी करेगा, जिसमें योजना से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के करगे, बंझिला, महुआ जारी और कैंबो में मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई और सुरक्षा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। किसानों ने कैटल फीड के लिए मेधा दाना के दर में कमी करने की मांग दोहराई, जिस पर मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को जानकारी लेने और किसानों को चारा काटने की मशीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



### किसानों ने गाय वितरण में अनियमितता की शिकायत की

किसानों ने गाय वितरण में अनियमितता की शिकायत की, जिस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि अब ऐसा नहीं होगा। विभाग के द्वारा दिये जाने वाले पशु का रेट चार्ट भी सार्वजनिक किया जायेगा। किसानों ने लोकल गाय उपलब्ध कराने और गोकुल भवन की संख्या बढ़ाने की मांग की। मंत्री ने किसानों से विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आग्रह किया, जिससे उन्हें विभाग की योजनाओं का लाभ लेने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# देश हित में है एक देश एक चुनाव : संजय सेठ

## लोकसभा में बिल स्वीकृत होने पर रक्षा राज्यमंत्री ने बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा में मंगलवार को एक देश एक चुनाव बिल स्वीकृत होने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी है। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह बिल देशहित में है। हर 5 साल में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव होते हैं। वही देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधानसभा चुनाव होते हैं। एक समय चुनाव होने पर देश के राजकोष की बचत होगी। चुनाव के समय राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाते हैं। परिणाम आने तक यह लागू रहता है।

ऐसे में विकास परियोजनाओं में देरी होती है एक देश एक चुनाव से विकास कार्य में इसका फायदा होगा।

चुनाव के समय सरकारी काम में भी व्यवधान होता है। ऐसे में साल में एक ही बार में इस तरह की आवश्यकता पड़ेगी और विकास कार्य में रुकावट नहीं आयेगी इसलिए एक देश एक चुनाव देश के हित में है।



# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट पर रोक छात्रों के संघर्ष की जीत : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि जब तक कोर्ट आदेश नहीं देता, तब तक रिजल्ट जारी ना किया जाये। इस पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट का जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर रोक लगाना स्वागतयोग्य निर्णय है। यह फैसला छात्रों के संघर्ष की जीत और राज्य सरकार के अहंकार की हार है। उन्होंने कहा कि मैं, सभी छात्रों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की साजिश के खिलाफ आवाज उठायी। जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्ताधारी नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और आयोग की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए पारदर्शी परिणाम के लिए सीबीआइ जांच बेहद जरूरी है। उम्मीद है कि कोर्ट सीबीआइ जांच का आदेश देकर छात्रों को न्याय दिलाने की पहल करेगी।



## राष्ट्रपति की फेक आइडी मामले में रांची के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर फर्जीवाड़ा करने के प्रयास के मामले में रांची पुलिस ने साइबर थाने में एफआइआर दर्ज कर ली है। साइबर अपराधियों के जरिये आम लोगों से ठगी करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया था। झारखंड के एक नागरिक ने इस ओर पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसके बाद रांची पुलिस ने पहले मामले की जांच की और फिर एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि साइबर थाने में मामले की एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। संबंधित व्यक्ति से फेक आइडी का यूआरएल हासिल किया गया है और उसी के आधार पर टेक्निकल सेल और साइबर क्राइम ब्रांच की टीम मामले की जांच कर रही है।


**रॉंची मंडल के तहत 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन स्टॉलों एवं ट्रॉलियों के आबंटन हेतु अधिसूचना**

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन प्रत्येक 15 दिनों के रोलिंग चरणों के लिए हस्तशिल्पों/कलाकृतियों, वस्त्रों तथा हथकरघा, पारम्परिक परिधानों तथा स्थानीय कृषि उत्पादों/संसाधित/अर्द्ध-संसाधित खाद्य सामग्रियों की बिक्री/बढ़ावा देने के लिए स्टॉलों एवं ट्रॉलियों का आबंटन।

**सूचना सं. सी/आरएनसी/सीएटीजी.यूनिट/ओएसओपी/24/2, दिनांकः 17.12.2024,** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रॉंची द्वारा 15 दिनों के रोलिंग चरणों के लिए **(क)** डेवलपमेंट कमिशनर हैंडीक्रॉफ्ट्स, डेवलपमेंट कमिशनर हैंडलूम अथवा अपेक्षित राज्य/केंद्रीय सरकार के प्राधिकारी द्वारा जारी कारीगर/बुनकर पहचान पत्र धारकों, **(ख)** ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआरआईएफईडी)/नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएचडीसी)/खादी एण्ड विलेज इंडस्ट्रीज कमिशन (केवीआईसी) इत्यादि के साथ सूचीबद्ध/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगरों/बुनकरों/शिल्पकारों, **(ग)** पीएमईजीपी (प्राइम मिनिस्टर्स इम्प्लॉयमेंट जेनेरेशन प्रोग्राम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों, **(घ)** समाज के हाशिए पर रहने वाले अथवा कमजोर वर्गों के लोग, **(ङ)** एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत माइक्रो इंटरप्राइजेज एवं एनजीओ के साथ संबद्ध व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार इत्यादि, **(च)** सामाजिक संस्थानों, राज्य सरकार के निकायों इत्यादि के साथ संबद्ध व्यक्ति विशेष/कारीगर/बुनकर/शिल्पकार इत्यादि, हालांकि कोई भी पृथक लोगो की अनुमति नहीं दी जाएगी, से पात्रता के दस्तावेज तथा सम्पर्क नम्बर के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **"एक स्टेशन एक उत्पाद"** योजना के नियम एवं शर्तों, स्टॉल स्थल, पंजीकरण शुल्क इत्यादि के संबंध में और विवरण तथा जानकारी के लिए संबंधित स्टेशनों के **स्टेशन प्रबंधकों** से सम्पर्क किया जा सकता हैं अथवा कृपया वेबसाइट **www.ser.indian railways.gov.in** देख सकते हैं। लागू नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए उसी दिन सीसीआई तथा सीनि. एसओ (ए/सी) की उपस्थिति में स्टेशन प्रबंधक के कक्ष में आवेदनों की जांच की जाएगी तथा मूल दस्तावेज के साथ सत्यापन किया जाएगा। ओएसओपी नीति के अंतर्गत आवेदनों की जांच के उपरांत स्थाई समिति वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अनुमोदन के लिए सभी इच्छुक लाभार्थियों के नामों की सिफारिश करेगी तथा संबंधित स्टेशनों के एसएमआर/सीसीआई द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की मौजूदगी में खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रा के माध्यम से अनुमोदित सभी आवेदकों की एक वरीयता सूची तैयार की जाएगी तथा एक चरण में अधिकतम 15 दिनों की अवधि के लिए वरीयता सूची के आधार पर आबंटन किया जाएगा। यह तब तक जारी रहेगा, जब तक कि वरीयता सूची में सभी आवेदक समाप्त नहीं हो जाते। **आवेदन जमा करने का स्थानः** संबंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधकों के कार्यालय के बाहर रखी गई मनोनित ड्रॉप बॉक्स में। विवरण निम्नानुसार हैः **क्रमांक एवं स्टेशन; स्थान; प्रति स्टॉल पंजीकरण शुल्क; कार्यकारी प्राधिकारी एवं सम्पर्क किया जाने वाला व्यक्ति एवं दूरभाष सं.; आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख; आवेदन खुलने की तारीख क्रमशः निम्नलिखित हैंः (1) रॉंची रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01 (ट्रॉली-1), रु. 1000/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/रॉंची, मोबाइल सं. 9771484773; दिनांक 30.12.2024 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 30.12.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(2) रॉंची रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 2 एवं 3 (ट्रॉली-2), रु. 1000/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/रॉंची, मोबाइल सं. 9771484773; दिनांक 30.12.2024 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 30.12.2024 को अपराह्न 03.30 बजे; **(3) टॉंगरबंसली रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/टॉंगरबंसली, मोबाइल सं. 9771468968; दिनांक 27.12.2024 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 27.12.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(4) रामगढ़ रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/रामगढ़, मोबाइल सं. 9771458912; दिनांक 13.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 13.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(5) किता रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/किता, मोबाइल सं. 9771448913; दिनांक 17.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 17.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(6) गोला रोड रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/गोला रोड, मोबाइल सं. 9771484771; दिनांक 10.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 10.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(7) कुरकुरा रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/कुरकुरा, मोबाइल सं. 9771452418; दिनांक 16.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 16.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(8) लोधमा रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/लोधमा, मोबाइल सं. 9771448907; दिनांक 01.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 01.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे;**(9) पोकला रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/पोकला, मोबाइल सं. 9771459156; दिनांक 09.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 09.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(10) झालिदा रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/झालिदा, मोबाइल सं. 8660303216; दिनांक 07.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 07.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(11) सिल्ली रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/सिल्ली, मोबाइल सं. 9771456218; दिनांक 06.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 06.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(12) टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/टाटीसिलवे, मोबाइल सं. 9771484791; दिनांक 31.12.2024 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 31.12.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(13) पिस्का रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/पिस्का, मोबाइल सं. 9771448924; दिनांक 03.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 03.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(14) इटकी रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/इटकी, मोबाइल सं. 9771484957; दिनांक 02.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 02.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(15) सुईसा रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/सुईसा, मोबाइल सं. 9661069059; दिनांक 15.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 15.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(16) तुलिन रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/तुलिन, मोबाइल सं. 8637353195; दिनांक 14.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 14.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **(17) ओड़गा रेलवे स्टेशन;** प्लेटफॉर्म सं. 01, रु. 500/- (जीएसटी सहित); स्टेशन प्रबंधक/ओड़गा, मोबाइल सं. 9771448918; दिनांक 08.01.2025 को सुबह 10.30 बजे; दिनांक 08.01.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे; **टिप्पणीः** अगर कोई आवेदक रॉंची मंडल के तहत अन्य किसी भी स्टेशनों/प्लेटफॉर्मों पर स्टॉलों/कियोस्कों/पोर्टेबल ट्रॉलियों की स्थापना करना चाहते हैं, तो वे संबंधित स्टेशनों के निकटवर्ती स्टेशन प्रबंधक से परामर्श भी कर सकते हैं तथा किसी भी तरह की सहायता के लिए सीनि. डीसीएम का कार्यालय/रॉंची से सम्पर्क कर सकते हैं।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रॉंची**

(PR-919)

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


## दुमका में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# पंचायत भवन में कागजात बनाने की व्यवस्था हो जाने से मिलेगा लाभ : दीपिका पांडेय

**आमजनों की परेशानियों को कम करना सरकार की प्राथमिकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका /रांची।** परिसदन दुमका में मंगलवार को राज्य ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजनों की परेशानियों को कम करना सरकार की प्राथमिकता है। पंचायत भवन में ग्रामीणों की जरूरी कागजात बनाने की व्यवस्था हो जाने से उनकी काफी समस्या दूर हो जायेगी। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कई कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग का जिलेवार समीक्षा की जा रही है ताकि बजट तैयार करने में आसानी हो। साथ ही जिले में चल रही विभाग की योजनाओं को गति दी जा सके। वैसे आदिवासी एवं पिछड़े गांव जो सड़क और पुलिया के अभाव में शहर से नहीं जुड़ पाये हैं उन्हें प्राथमिकता पर लेकर प्राकलन तैयार करते हुए उक्त कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत कार्यालय को और भी सशक्त किया जायेगा ताकि गांव के लोग पंचायत कार्यालय जाकर अपने जरूरी कार्य कर सकें। बैठक के दौरान मंत्री ने जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत जिले में चल रही रोजगार सृजन और कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करायें और कार्य में पारदर्शिता बनाये रखें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों की स्थिति से अवगत होकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण, साफ-सफाई की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर चर्चा की गयी।



### पंचायतों की भूमिका और अधिकारों पर जोर

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पंचायतों की भूमिका और अधिकारों पर जोर दिया। आवास योजनाओं में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को समय पर मकान एवं मकान निर्माण के लिए पैसा का किस्त उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचे और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों से क्षेत्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा एवं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही। बैठक में अपर समाहर्ता सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।






### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक की

# आपसी समन्वय स्थापित कर सभी योजनाएं पूर्ण करें : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहजता और सरलता के साथ जनता तक पहुंचाने को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिया। अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सभी योजनाओं में तेजी लाने एवं निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विचार मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता को हर सुविधा मुहैया करने को लेकर सरकार दृढ़संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

# कल आजसू पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक 19 दिसंबर को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गयी है। बैठक आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में होगी। बैठक में केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ ही सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला महासचिव भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में विगत विधानसभा चुनाव, सांगठनिक विस्तार और भावी रणनीति के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की जायेगी। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने जानकारी दी।

**बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि आज :** बता दें कि 18 दिसंबर को बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर सभी जिला मुख्यालयों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्रीरामकृष्ण सेवा संघ ने कन्या आश्रम में बांटे कंबल और गर्म वस्त्र



रांची (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था श्रीरामकृष्ण सेवा संघ की ओर से बंदगांव के लुंबई स्थित कन्या आश्रम में मंगलवार को जरूरतमंदों व गरीबों के बीच कंबल, स्वेटर व अन्य गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में लायंस क्लब ऑफ हिनू के विनोद प्रकाश के सौजन्य से कंबल का सहयोग किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा आश्रम में रह रहे बुजुर्ग महिला-पुरुष को कंबल और बच्चों को स्वेटर, जूता-मोजा आदि बांटे गये। ठंड के मौसम में कंबल व गर्म वस्त्र पाकर आश्रम में रह रहे बच्चों,बुजुर्गों और आसपास के जरूरतमंदों को काफी राहत मिली। वहीं, महिलाओं के बीच साड़ियों का भी वितरण किया गया। तत्पश्चात संस्था की ओर से सबों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी आलोक मजूमदार ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य संस्थाओं से भी पीड़ित मानवता के सेवार्थ सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर तनय शीट, दीपा दत्ता, सोहनी मजूमदार, गोपा बागची, आलोक सिन्हा, सुकृत भट्टाचार्य, डॉ.स्मिता डे, आनंद रंजन घोष, राजीव रंजन, तन्मय मुखर्जी, श्रावंती शीट, श्रीमंत बनर्जी, डॉ.आशुतोष चटर्जी, मलय साहू, मृणाल बोधक, अजय धीबर, देवराज घोष, संदीप दत्ता,अरुण सिन्हा,विवेक राय, स्वपन डे सहित अन्य मौजूद थे।

### स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंद 50 बच्चों के बीच भोजन के पैकेट बांटे



रांची/भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोल माइनिंग मुख्यालय ने अपनी सीएसआर पहल के तहत गुरु नानक अस्पताल, रांची का दौरा किया और अस्पताल में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आए लगभग 50 बच्चों को भोजन के पैकेट और स्वच्छता किट वितरित किये। इन बच्चों की माताओं को भी भोजन के पैकेट और स्वच्छता किट वितरित किये गये। इस अवसर पर स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने कहा कि इन बच्चों की मदद करने का हमारा मिशन यहीं नहीं रुकता, हम भविष्य में भी उनका समर्थन करते रहेंगे। अगर हम उनके जीवन में थोड़ी सी भी खुशी और आराम ला सकें, तो यह क्लब में हम सभी के लिए एक आशीर्वाद होगा। इस सीएसआर कार्यक्रम में शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष सह कल्याण प्रभारी, दीपा केशरी, महासचिव, परमेश्वरी डी, संयुक्त सचिव और स्निग्धा रानी माझी, कोषाध्यक्ष सहित क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कक्षा छह से कक्षा दश तक के छात्र-छात्रों को दो समूह में बांट कर प्रतियोगिता करायी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा उपस्थित रहीं। वहीं निर्णायक की भूमिका में विद्यालय के योग शिक्षक राहुल पोद्दार, प्रिया कुमारी और अविनाश कुमार रहे। स्कोरर के रूप में शिक्षिका निशा सिंह तथा शिक्षक आशुतोष कुमार रहे। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह का आयोजन का लक्ष्य सभी छात्र-छात्राओं में खेल के प्रति एक सच्ची भावना को जागृत करना है। निर्णायक मंडली ने छात्र समूह हंसराज हाउस को विजेता बताया और छात्रा समूह से विवेकानंद हाउस को विजेता बताया। विजय प्रतिभागी क्रमशः स्मृति टोप्पो, अनन्या कुमारी, श्वेता कुमारी, खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजली गुप्ता, रानी कुमारी, राहुल मुंडा, गुलशन कुमार, आलोक कुमार, सत्यम कुमार, धीरज कुमार, तथा लव कुमार इत्यादि रहे। इस मौके पर अनिमा एक्का, किरण कुमारी, सुधा राणा, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, सुरेश कुमार, मनोज खलको, सुधीर कुमार उपस्थित थे।

### वीवीपीएस रांची में यातायात के नियमों पर कार्यशाला आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। वीवीपीएस रांची में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय -यातायात सुरक्षा नियम था। कार्यशाला का नेतृत्व मो जमाल अशरफ खान (जिला सड़क सुरक्षा प्रभारी, रांची)एवं मोहम्मद इम्तियाज (लालपुर यातायात थाना प्रभारी) विशेषज्ञों ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यातायात के नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। विद्यालय की प्रिंसिपल जया प्रसाद ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करेगी।

# मेडिका ने आर्टिफिशियल हार्ट प्रक्रिया से 70 वर्षीय महिला की जान बचायी गयी

### झारखंड में पहली बार इंपेला डिवाइस का उपयोग किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल, रांची ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसमें पहली बार आर्टिफिशियल हार्ट प्रक्रिया का सफल उपयोग किया गया है। इस प्रक्रिया से 70 वर्षीय महिला राम कुमारी देवी की जान बचायी गयी, जो गंभीर हृदयाघात से जूझ रही थीं। झारखंड में पहली बार इंपेला डिवाइस का उपयोग किया गया, जो हृदय रोगों के इलाज में एक क्रांतिकारी समाधान है। यह डिवाइस हृदय पर दबाव को कम करते हुए बेहतर रिकवरी में सहायता करता है। इस संबंध में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर डॉ. धनंजय कुमार, कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी ने बताया कि इंपेला डिवाइस हृदय रोगों के इलाज में एक क्रांतिकारी समाधान है, खासकर उन स्थितियों में जहां पारंपरिक प्रक्रियाएं कमजोर हृदय के कारण अधिक जोखिम भरा हो जाता है। भगवान महावीर मेडिका अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि यह पूर्वी भारत का पांचवां और बिहार-झारखंड का पहला इम्पेला केस है। अब तक ऐसी प्रक्रियाएं केवल कोलकाता में होती थीं। मेडिका रांची ने इस उन्नत तकनीक को क्षेत्र में लाकर गंभीर मरीजों के लिए नयी उम्मीदें जगायी हैं।

# जिला युवा महोत्सव : खुशबू और वाइबीएन यूनिवर्सिटी टीम ने मारी बाजी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिलास्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 में खुशबू और वाइबीएन यूनिवर्सिटी की टीम ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए 14 दिसंबर को प्रमुख पुरस्कार अपने नाम किया। इस अवसर पर वाइबीएन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रामजी यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिवर्सिटी अपने छात्रों की समृद्धि और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। खुशबू और उनकी टीम ने विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह जीत हासिल की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और विजेता टीम के प्रदर्शन की सराहना की।

# अल्पसंख्यकों के मामलों को लेकर आमया ने रिपोर्ट कार्ड जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की पूर्व संध्या मंगलवार को मदरसा इस्लामिया अपर बजार में अल्पसंख्यकों से जुड़े मामलों पर आमया संगठन के तत्वावधान में अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड 2024 जारी किया गया। मौके पर अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार की रक्षा, उनकी धर्म, जाति, भाषा, संस्कृति परंपरा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। किंतु पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्तर पर जहां प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 का लगातार उल्लंघन कर अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों को टार्गेट किया जा रहा है। वहीं पूर्वजों द्वारा वक्फ किए हुए संपत्ति को छीनने की नियत से वक्फ अधिनियम 1995 को संशोधित करने के लिए वक्फ बिल 2024 लाया गया है।

वहीं झारखंड में मुसलमानों के न्याय अधिकार से जुड़े अनेकों मामले फंसे हैं। जिनमें -10 जून 2022 रांची गोलीकांड में न्याय देने, मॉब लींचिंग कानून बनाने, 3712 उर्दू सहाय शिक्षक की प्राइमरी मिडिल स्कूल में बहाली अल्पसंख्यक आयोग आदेशवाद वाद संख्या 174/2015 के अनुसार करने, 543 उर्दू स्कूल जिनके स्टेटस छिने गये हैं पुनः बहाल करने, मदरसा आलिम फाजिल डिग्री की परीक्षा के लिए विश्विद्यालय स्थापित करवाने, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में प्लस 2 विद्यालय की स्थापना करने, अल्पसंख्यकों के लिए बजट में बढ़ोतरी करने, अल्पसंख्यक छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृति देने, अल्पसंख्यक युवको स्किल्ड ट्रेनिंग देने, यूपीएस, जेपीएससी, जेएसएससी के लिए अल्पसंख्यक कोचिंग संस्थान शुरू करने, अल्पसंख्यक निदेशालय का गठऩ करने, बुनकरों एवं ट्रेलरिंग पेशा से जुड़े अल्पसंख्यकों को सरकारी कार्य आवंटित करने, अल्पसंख्यक भूमिहीन को जमीन आवंटन करने, अल्पसंख्यक किसानों के लिए योजना शुरू करने, अल्पसंख्यक संवेदक व सप्लायर को कार्य आवंटित करने, यूपी, एमपी के तर्ज पर भैंस वंसीय के स्लॉटर की अनुमति देने जैसे कई मामले लंबित हैं। मौके पर झारखंड छात्र संघ के इकबाल खान, मो हैदर, अनीस अंसारी, परवेज आलम, शबरे अलाम, नफीसा परवीन, नूरजहां आदि शामिल थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची के 2015 के पूर्व छात्र भैया सचिन कुमार एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय अभियंता सेवा परीक्षा 2024 में 53वां स्थान प्राप्त कर सफल होने पर विद्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। भैया सचिन ने कक्षा षष्ठ से लेकर बारहवीं कक्षा तक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में पढ़ायी की है। वर्ष 2015 में दसवीं की परीक्षा बोर्ड परीक्षा में 10 सीजीपीए प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2017 में साइंस स्ट्रीम में 94% अंकों के साथ उत्तीर्ण की। तत्पश्चात सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ायी एनआइटी जमशेदपुर से पूरी की। विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार और उप प्राचार्य मीना कुमारी ने भैया सचिन को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी एवं भैया-बहन उपस्थित रहे।

### आज से बीआइटी मेसरा में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**रांची (आजाद सिपाही)। बीआइटी मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री की ओर से 18 से 20 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा। विषय है : एडवांसेज इन मैटेरियल्स एंड केमिकल साइंसेज। इसमें मैटेरियल्स रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया भी सहयोग करेगी। सम्मेलन में देशभर के शोधकर्ता, अकादमिक विशेषज्ञ, इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स और विद्यार्थी शामिल होंगे। झारखंड की संस्कृति और पर्यटन पर भी चर्चा होगी। यह जानकारी डॉ सुमित मिश्रा ने सोमवार को बीआइटी एक्सटेंशन लालपुर में आयोजित प्रेस मीट में दी।**

# 101 रेलकर्मी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए चयनित

**भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री करेंगे सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** भारतीय रेल द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है। चयनित कर्मचारी एवं अधिकारियों को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 दिसंबर, 2024 को नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित करेंगे। चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों को नवाचार, आय में वृद्धि हेतु उल्लेखनीय प्रयास, उत्पादकता में वृद्धि के लिए समर्पण और आयात पर निर्भरता को कम करने एवं स्वदेशी तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने, रेल परिचालन, सुरक्षा और संरक्षा तथा रेलवे की परिसंपत्तियों के बेहतर संरक्षण हेतु अद्वितीय प्रयास करने के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है।

अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार हेतु इस वर्ष पूर्व मध्य रेल के 01 अधिकारी एवं 04 कर्मचारियों का चयन किया गया है । धनबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी, सोनपुर मंडल में प्वाइंट्समैन पद पर कार्यरत श्याम सुंदर प्रसाद, डीडीयू में मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार, धनबाद मंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर (ड्राइंग एंड डिजाइन) पद पर कार्यरत कुंज बिहार लाल तथा धनबाद मंडल में लेखा सहायक प्रवीण रंजन को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ है ।

धनबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी की देश के प्रमुख ऊर्जा संयत्रों को उनकी मांग के अनुरूप कोयला की लोडिंग के लिए रैकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, माल लदान में धनबाद मंडल की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने, परिसंपत्तियों के बेहतर रख-रखाव के साथ-साथ ट्रेनों के सुचारू परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। सोनपुर मंडल में प्वाइंट्समैन पद पर कार्यरत श्याम सुंदर प्रसाद अपनी जिम्मेवारियों के प्रति हमेशा सजग रहते हुए संरक्षित रेल परिचालन में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। इसी तरह डीडीयू में मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत संजीव कुमार ने रेल राजस्व में वृद्धि हेतु वित्त वर्ष 2023-24 में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को रेल के माध्यम से माल की बुकिंग हेतु प्रोत्साहित किया। धनबाद मंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर (ड्राइंग एंड डिजाइन) पद पर कार्य करते हुए कुंज बिहार लाल का महुरिया-दुधीनगर, अनपरा रोड-कृष्णशिला आदि रेलखंडों पर छोटे/बड़े रेल पुलों, एलएचएस आदि के ड्राइंग/डिजाइन में अहम भूमिका रही है।

# सीजीएल पर राज्यपाल लें संज्ञान, लाठीचार्ज करानेवाले पदाधिकारियों के विरुद्ध हो कार्रवाई : डॉ लंबोदर महतो

**पूर्व विधायक ने राज्यपाल को बताया, इस परीक्षा में कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के सगे-संबंधी हो गये हैं पास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में बरती गयी। अनियमितता की सीबीआइ जांच कराने व विरोध कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्वक की गयी लाठीचार्ज के दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात की भी जानकारी दी कि कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के पुत्र-पुत्रियों, सगे संबंधियों और नाते-रिश्तेदारों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों का नाम सार्वजनिक किया जाना चाहिए। बेहतर यही होता कि राज्य सरकार सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे आंदोलनकारी छात्राओं पर लाठी बरसाने के बजाय चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर स्थिति को स्पष्ट करती। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं और अभ्यर्थियों में इस बात को लेकर गुस्सा व आक्रोश है कि इस परीक्षा के संचालन में व्यापक रूप से अनियमितता और गड़बड़ी की गयी है। इस स्थिति में जेएसएससी और राज्य सरकार को यह बताना चाहिए की ऐसी कोई बात नहीं है और जिन लोगों का चयन किया गया है या पास हुए हैं उन सबों का परीक्षा परिणाम आम जनों के बीच सार्वजनिक करना चाहिए। राज्य सरकार इस मामले में सीआइडी जांच की बात कह रही है, जो लीपापोती के अलावे कुछ भी नहीं है। बेहतर और जरूरी यही है कि इस मामले की सीबीआइ जांच कराया जाना ही श्रेयस्कर रहेगा। कहा कि राज्य सरकार अगर यह सोच रही है कि आंदोलनकारी अभ्यर्थियों पर लाठी बरसा कर अपने मंशा में सफल हो जायेंगे तो यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



### नगर विकास एवं आवास मंत्री ने रांची नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की

# होल्डिंग टैक्स के भुगतान के लिए बड़े बकायेदारों को नोटिस दें : सुदिव्य

**रांची नगर निगम को राजस्व संग्रहण पर जोर देने और आत्मनिर्भर बनने की नसीहत दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार को रांची नगर निगम के कार्यों और योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक निगम सभागार में की।

उन्होंने कहा कि राजधानी रांची की बेहतर छवि बनाने में निगम की भूमिका अहम है। इसके लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। सिविल वर्क्स से संबंधित सभी लंबित योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारें। भविष्य की जरूरतों का आकलन करते योजनाएं बनायें। राजस्व संग्रह पर उन्होंने विशेष जोर देने और निगम को स्वावलंबी बनने को भी कहा। अपने कार्य संस्कृति में बदलाव लाते इंटरनल रेवेन्यू बढ़ोत्तरी के लिए होल्डिंग टैक्स के भुगतान के लिए बड़े बकायेदारों को नोटिस देने को कहा। जिन आवासीय भवनों पर व्यवसाय चल रहे हैं, उनका सर्वे करते हुए कमर्शियल होल्डिंग टैक्स लेने को भी कहा। शहर के सभी लॉज, हॉस्टल, कोचिंग सेंटर इत्यादि की भी असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान ससमय कराने का निर्देश दिया। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निदान, राइट टू सर्विसेज के अनुपालन, वेंडिंग जोन या मार्केट के जरिए सभी वेंडर्स को व्यवस्थित करने सहित दूसरे भी निर्देश दिये। मौके पर नगर प्रशासक संदीप सिंह सहित निगम के अन्य पदाधिकारी, कर्मी भी मौजूद थे।

## आज जनशिकायत समाधान कार्यक्रम

**रांची।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 23 जिलों में 23 आइजी, डीआइजी और कमांडेंट रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

# राजनीति छोड़ राज्य सरकार वर्षवार बकाया राशि का ब्योरा जारी करे : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो की प्रेस वार्ता पर पलटवार किया। कहा कि सर्वप्रथम झारखंड की जनता को झामुमो को बकाया राशि का वर्ष वार ब्यौरा जारी करना चाहिए। यह बताना चाहिए कि जिस समय शिबू सोरेन कोयला मंत्री थे, उस समय अगर कोयला की रॉयल्टी का कोई बकाया राशि थी तो उन्होंने कितना पैसा झारखंड को दिलवाया। प्रतुल ने हेमंत सरकार के गठबंधन दलों से यह भी जानना चाहा कि 10 वर्ष तक यूपीए सरकार जब शासन कर रही थी तो उस समय का कितना बकाया था और उस बकाया राशि में कितने का झारखंड को भुगतान हुआ? अब झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव पूर्व जिन योजनाओं की घोषणा की है, उसके लिए शायद ढाई लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा की जरूरत हो। आंतरिक स्रोत से पैसा हो नहीं पा रहा जिसका सबसे बड़ा उदाहरण मंईयां सम्मान राशि की 2500 की किस्त अभी तक नहीं जारी होना है। तो अब झामुमो जनता से सहानुभूति बटोरने के लिए बहाने बना रहा है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड बीजेपी झारखंडियों के हित के लिए जो भी उचित कदम हो, वह उठाने को तैयार है। केंद्र और राज्य की सहमिति से जो भी सही बकाया राशि सामने आयेगी, उसका भुगतान करने के लिए झारखंड बीजेपी भी सकारात्मक कदम उठायेगी। लेकिन सरकार को फर्जी नैरेटिव और आंकड़ों की बाजीगरी का खेल बंद करना चाहिए। सरकार को सबसे पहले यह सार्वजनिक करना चाहिए कि यह जो 1,36,000 करोड़ का दावा कर रही है, वह किस वर्ष में किस विभाग से संबंधित है। पूरा विस्तृत ब्यौरा देना चाहिए। राज्य सरकार के सिर्फ कहने से की कोयला का बकाया, समता जजमेंट का बकाया और भूमि अधिग्रहण का बकाया है, से बात नहीं बनेगी। इनको एक-एक चीजों का सिलसिलावर तरीके से विस्तृत विवरण देना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि कर और रॉयल्टी के भी अंतर को झारखंड मुक्ति मोर्चा समझने की कोशिश करे। सांसद पप्पू यादव के पत्र में कोयले पर लगे कर का बकाया राशि का उल्लेख था, जबकि राज्यों को कोयला की रॉयल्टी मिलती है, कर नहीं।

# पासवा का हजारीबाग जिला सम्मेलन सह आरसी मिशन स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पासवा का हजारीबाग जिला सम्मेलन सह आरसी मिशन स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, प्रदेश महासचिव नीरज सहाय और गुलमोहर स्कूल की डायरेक्टर विद्या बक्शी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, प्रदेश महासचिव नीरज सहाय और आरसी मिशन स्कूल के डायरेक्टर मिंकु कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आलोक कुमार दुबे ने झारखंड के निजी विद्यालयों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में निजी विद्यालय शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें सरकार द्वारा प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पासवा झारखंड के निजी विद्यालयों के साथ खड़ा है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड के निजी विद्यालयों को अवैध कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि पासवा निजी विद्यालयों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयासरत है। आरसी मिशन स्कूल हजारीबाग के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

# श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 132वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मनीष सारस्वत, ओम शर्मा और अन्य ने ढोलक, ढफली, झांझ, कडताल की धुन के साथ श्री गणेश वंदना और श्री सरस्वती वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। मुन्ना सिंह, पिंकी सिंह, माही सिंह और शौर्य प्रताप सिंह ने श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग अर्पित किया गया। उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा, राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद और मुकेश मित्तल ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। श्री सुंदरकांड के पाठ के मध्य में भजनों का गायन किया गया। बजरंगबली और खाटूनरेश की जयकारों से पूरा मंदिर गूंज रहा था। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### आगामी आयोजन

शनिवार को सायं 5 बजे से 138 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें स्वर्गीय सुमीता लाल के परिजन किशोर कुमार लाल, सौम्या लाल, शान्या लाल और हर्षित लाल भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

# नये सिरे से बनेगी भवन निर्माण नियमावली

आजाद सिपाही संवाददाता

**नगर विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगर निकायों को पत्र लिखा**

**रांची।** रांची शहर से सटे आसपास के क्षेत्रों में भवन निर्माण नियमावली बनाने का निर्देश रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार को दिया गया है ताकि बेतरतीब ढंग से हो रहे विकास पर नियंत्रण लगाया जा सके। नगर विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगर निकायों को पत्र भी लिखा है। नयी नियमावली बनाने का प्रयास लगभग 1 साल से किया जा रहा है। इसमें शहरों के विकास के लिए विस्तृत रूप से रूपरेखा तय की जायेगी। उसी के अनुरूप भवन का नक्शा पास होगा सड़कें बनायी जायेंगी। वहीं, सभी शहरों के सड़क सुदृढीकरण की रिपोर्ट मंगवायी गयी है। पथ निर्माण विभाग के सहयोग से सभी शहरों की सड़कों सुधारा जायेगा। शहरों में आवास उपलब्ध कराने के लिए झारखंड हाउसिंग बोर्ड को तत्परता से योजना बनाने का निर्देश दिया गया है। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव ने बताया कि रांची, धनबाद, हजारीबाग, देवधर, बोकारो एवं मेदिनीनगर में हाउसिंग कालोनी बनायी जानी है, इसके लिए संबंधित जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिख दिया गया है।

# संत जेवियर्स कॉलेज रांची और आइआइटी भुवनेश्वर में एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के युवाओं के लिए एक नया अध्याय शुरू हो गया है। राज्य का अग्रणी शैक्षणिक संस्थान, संत जेवियर्स कॉलेज, रांची ने आइआइटी भुवनेश्वर के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता झारखंड के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के औद्योगिक कौशल सीखने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। यह समझौता झारखंड के शैक्षिक परिदृश्य में एक नयी शुरुआत है। यह राज्य के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करेगा। मौके पर संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य फादर नाबोर लकड़ा, संत जेवियर्स कॉलेज से डॉक्टर एन वेंकट अप्पा राव, डॉक्टर स्वरत चौधरी और डॉक्टर अभिजित डे उपस्थित थे।

### स्टार्टअप और रोजगार सृजन में मिलेगी मदद

तकनीकी कौशल और उद्यमिताः आइआइटी भुवनेश्वर अपनी अत्याधुनिक तकनीकी विशेषज्ञता और व्यापक पाठ्यक्रम संत जेवियर्स कॉलेज के छात्रों के लिए उपलब्ध करायेगा। इससे छात्र उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझ सकेंगे और अपने व्यावसायिक विचारों को साकार करने में सक्षम होंगे। संयुक्त रूप से स्थापित किया जाने वाला इनक्यूबेशन सेंटर स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए अगली पीढ़ी के उद्यमियों को विकसित करेगा।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 626 दिनांक 13.12.2024 मैं, राहुल होरो पिता श्री सीनु होरो निवास ग्राम-हुल्सु बड़का टोली, पोस्ट महुगांव, थाना-लापुंग, जिला-रांची झारखण्ड राज्य शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ- 1. यह कि मैं उपरोक्त पता का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं० 7255 1195 7119 में फिंगर प्रीन्ट करने पर मेरा नाम अघनु होरो दर्शाता है जो गलत है। 3. यह कि मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राहुल होरो है जो सही है। 4. यह कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम राहुल होरो है। 5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपना वास्तविक नाम राहुल होरो के सत्यापन हेतु दाखिल कर रहा हूँ। 6. यह कि मैं राहुल होरो घोषणा करता हूँ कि इस शपथ पत्र के सभी ब्यान मेरे जानकारी एवं विश्वास से पूर्णतः सत्य है और कोई बात नहीं छिपाई गई है। शपथ पत्र स्वयं पढकर वो समझकी लिखा पाकर आज दिनांक 13/12/2024 को अपना हस्ताक्षर कर दिया।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 39 date 04.11.2024, I, NATASHA KUMARI D/O Biralal Soren, resident of village Karmali Tola, Lalpania, TTPS Lalpania, P.O. TTPS Lalpania, Dist Bokaro, (Jharkhand), Pin-829149 do hereby solemnly affirm and declare as follow:-
1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my Aadhar Card no. is 9117 8686 8687.
3. That, in my all Educational Certificate suh as Matriculation,Intermediate and others my name is mentioned as NATASHA KUMARI but in my Aadhar Card no. 9117 8686 8687 my name is mentioned as MUNIYA KUMARI SOREN. That, I want to change my name in my Aadhar Card as NATASHA KUMARI in place of MUNIYA KUMARI SOREN. 5. That, from till today I shall be known as only NATASHA KUMARI. 6. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
7. That, the contents made above are true and correct, if found false I shall be punishable under law.

## 'जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के परिणाम पर रोक लगाने का स्वागत'



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) परीक्षा 2023 का परिणाम प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इस फैसला का आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने स्वागत किया। विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच तहे दिल से स्वागत करता है। यह आदेश झारखंड के लाखों आदिवासी मूलवासी छात्र, युवा, बेरोजगार नौजवानों के भविष्य में छाये अंधेरे में एक चिराग की रोशनी की तरह है। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच को आशा है कि राज्य के लगातार आंदोलन कर रहे छात्र, युवा, नौजवान बेरोजगार अभ्यर्थियों को राहत के साथ-साथ संपूर्ण न्याय मिलेगा। बता दें कि हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआइआर दर्ज करे और अनुसंधान कर रिपोर्ट दे।

# बंधु तिर्की ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने दिल्ली आवास पर राज्यसभा सांसद और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की और झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने में अल्पसंख्यक विभाग के सहयोग के लिए आभार प्रदर्शित किया। झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान इमरान प्रतापगढ़ी मांडर विधानसभा में मतदाताओं से शिल्पी तिर्की की जीत के बाद आने का वादा भी किया था। जल्द ही मांडर की जनता से किया वादा निभाने आयेंगे।

# होमगार्ड जवानों की पुनः नामांकन प्रक्रिया सात जनवरी से होगी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सात जनवरी से होमगार्ड जवानों की पुनः नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने रांची जिला के सभी पुराने और नये महिला और पुरुष होमगार्ड के पुनः नामांकन के लिए सूचना जारी की है। जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने कहा है कि उपरोक्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन के लिए मूल प्रमाण पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लेकर आना है और निर्धारित तिथि को वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होना है।

# डीपीएस रांची में युवाओं की रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रमाण है: मंजूनाथ भजंत्री

**डीपीएस रांची में प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने मंगलवार को प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी ए कैलिडोस्कोपिक जर्नी वेयर क्रिएटिविटी मीट्स नॉलेज का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री थे, जबकि एमके मेहता, फॉर्मर सीनियर फैकल्टी मेंबर, डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री, डीपीएस रांची, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी डीपीएस रांची में युवाओं की रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रमाण है। छात्रों ने वास्तविक दुनिया के मुद्दों और उन्हें संबोधित करने के नवीन तरीकों की गहरी समझ दिखायी है। इस तरह के आयोजन अनुभवात्मक शिक्षा, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देते हैं जो भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

प्राचार्य डॉ आरके झा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी सीखने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, सीखने की सफल आधारशिला है जो बच्चों को जीवन के लिए भविष्य के लिए तैयार शिक्षार्थी बनने के लिए तैयार करती है। प्राइमरी से लेकर सीनियर विंग तक की भागीदारी देखी गयी। महत्वपूर्ण सोच, समस्या-समाधान और सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक परिदृश्यों में लागू करने में छात्रों की उल्लेखनीय प्रतिभा देखी गयी। प्रदर्शनी में गणितीय मॉडलिंग, पर्यावरण विज्ञान, तकनीकी नवाचार, सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, कला और शिल्प, फोटोग्राफी, खेल और शारीरिक शिक्षा और विदेशी भाषाओं पर केंद्रित थी। 900 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किये गये, जो युवा मस्तिष्क की प्रतिभा और उनकी नवीन भावना को दर्शाते हैं। विद्यार्थियों ने राम मंदिर, सोलर पावर बोट, स्मार्ट हाउस, वेस्ट टू इलेक्ट्रिसिटी, वोइस असिस्टेंट रोबोट, फायर एक्सटिंगुइशर रोबोट, हाइड्रोपोनिक फार्मिंग सिस्टम, कार्बन प्यूरीफायर, थर्ड आई फॉर द ब्लाइंड, अग्निशमन रोबोट आदि जैसे विषयों पर मॉडलों की एक प्रभावशाली श्रृंखला का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में रचनात्मकता का एक अतिरिक्त आयाम जोड़ते हुए, प्रत्येक अनुभाग से कक्षा पत्रिकाएं भी प्रदर्शित की गयी। प्राइमरी विंग ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, खेल, कला, साहित्य और विदेशी भाषाओं जैसे विषयों पर प्रदर्शन प्रस्तुत किये।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 4293 दिनांक 17.12.2024 मै केसिया देवी, पति-देवकी महतो, उम्र - करीब 49 वर्ष, धर्म - हिन्दू, पेशा - गृहणी, निवास - स्थान, ग्राम - काण्डतरी, पो0- सांद, थाना - बड़कागांव, जिला - हजारीबाग (झारखण्ड) निवासी, शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ की - 1. यह कि मेरा आधार कार्ड नं0- 7119 4367 9190 है मेरा नाम खेमनी देवी पति प्रयाग महतो गलत दर्ज है। यह कि मेरा मतदाता कर्ड नं. बी आर /48/266/273887 एवं राशन कार्ड नं0- 202004678331 एवं बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बड़कागांव, हजारीबाग का खाता नं - 482 110 1000 12849 है जिसमें मेरा नाम - केसिया देवी पति देवकी महतो दर्ज है। यह कि मेरा सभी दस्तावेज में मेरा नाम - केसिया देवी पति देवकी महतो दर्ज है। 3. यह कि मेरा सभी दस्तावेजों में मेरा नाम - केसिया देवी पति देवकी महतो दर्ज है, इस नाम से भविष्य मे भी जाना - पहचाना जाउंगा। 4. यह कि मेरा सभी दस्तावेजों के आधार पर मेरे आधार कार्ड में खेमनी पति प्रयाग महतो को संशोधन कर मेरा अन्य दस्तावेजों के आधार पर दर्ज नाम - केसिया देवी पति देवकी महतो दर्ज कर आधार कार्ड की दूसरी प्रति लेने के लिए मै शपथ ले रही हूँ। यह कि यदि भविष्य में मेरे द्वारा दी गई सूचना गलत पाई जाती है तो इसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. date 16.12.2024, I. PUJA KUMARI, D/O- BRAHMDEO SINGH,, WIFE OF- AMAN KUMAR SINGH,Aged about 28 year, Aadhar No. 3160 6717 5213, by faith Hindu, by occupation- House wife, Resident of Village- Baidkaro Chalkari, Colony, Panchayat- Baidkaro, Police station- Bermo (Gandhinagar), Post office- Baidkaro, District- Bokaro Jharkhand 829127, do hereby solemnly affirm and declare as follows: 1. That, I am a citizen of India having Aadhar Card No. 3160 6717 5213. 2. That I stated and declared that my name is mentioned PUJA KUMARI, WIFE OF- AMAN KUMAR SINGH which is Mentioned in the Aadhar Card bearing No. 3160 6717 5213.
3. That I stated and declared that my name is mentioned PUJA KUMARI, D/O- BRAHMDEO SINGH which is Mentioned in the Pan Card bearing No. FSPPK1627B.
That I stated and declared that my name is mentioned PUJA KUMARI, D/O- BRAHMDEO SINGH in the BANK OF INDIA, at Phusro Bazar, ACCOUNT NO. 489210510004066. That I stated and declared that my name is mentioned PUJA KUMARI and PUJA KUMARI SINGH, D/O D/O- BRAHMDEO SINGH, WIFE OF- AMAN KUMAR SINGH, is the same person, whose Resident of Village- Baidkaro Chalkari, Colony, Panchayat- Baidkaro, Police station- Bermo (Gandhinagar), Post office- Baidkaro, District- Bokaro Jharkhand 829127 6. That I am making to affidavit to submitted before the concerned authority to show said fact and record my name is PUJA KUMARI and PUJA KUMARI SINGH

# चुनौतियों के बीच राह

विशाल बहुमत से शानदार जीत दर्ज करने के बावजूद महाराष्ट्र की महायुति सरकार जिस धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है, उसे सतर्कता कहा जाये या बहुमत का बोझ, यह तय करना फिलहाल मुश्किल है। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आने के 12 दिन बाद देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाये और उसके भी दस दिन बाद 15 दिसंबर को मंत्रियों का शपथ ग्रहण हो सका। विभागों का बंटवारा होना अभी भी बाकी है। वैसे मौजूदा सरकार के स्वरूप पर गौर करें तो यह स्थिति ज्यादा अस्वाभाविक नहीं लगती। भले ही शिवसेना और एनसीपी से अलग हुए धड़ों के साथ बीजेपी की सरकार करीब ढाई साल कामयाबी से चली। फिर चुनाव में राज्य के वोटरों ने भी इस अलायंस पर सहमति की मुहर लगा दी। लेकिन इस जीत के बाद महायुति के आंतरिक समीकरण में बुनियादी अंतर आ गया है। विधायकों की संख्या चाहे कम ज्यादा रही हो, पहले एकनाथ शिंदे इसके सर्वमान्य नेता थे। अब सबसे बड़ी पार्टी का नेता होने के बावजूद इस सत्तारूढ़ गठबंधन के अंदर देवेंद्र फडणवीस की सहज सर्वोच्चता स्थापित होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। शायद यही वजह है कि शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे के लिए इस गठबंधन में अपनी दूसरे नंबर की हैसियत को पचाना और अपने समर्थकों से स्वीकार कराना मुश्किल हो रहा है। उपमुख्यमंत्री पद के लिए वह जैसे-तैसे राजी हुए तो मंत्रियों की कम संख्या का सवाल आड़े आया और अब विभागों के बंटवारे को लेकर आखिरी पलों तक रस्साकशी होनी है। तीनों पार्टियों में चल रही इस असामान्य रस्साकशी का एक रूप कहिए या विधायकों की बढ़ी हुई संख्या का दबाव, शायद पहली बार महाराष्ट्र में मंत्रियों के लिए ढाई साल के कार्यकाल का फॉर्म्युला सामने लाया गया। राजनीतिक मजबूरियों के बीच रास्ता निकालने की कला के तौर पर निश्चित रूप से यह अच्छा कदम है। हो सकता है इससे मंत्रियों पर बेहतर काम करने का दबाव भी रहे। लेकिन संसदीय लोकतंत्र में मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत के तहत काम करता है। ऐसे में सार्वजनिक तौर पर मंत्रियों को नाकाम करार दिये जाने को लेकर यह खुलापन भी सवालों से परे नहीं है। बहरहाल, लोकतंत्र नयी चुनौतियों के नये हल निकालते हुए ही आगे बढ़ता है। ऐसे में महाराष्ट्र की नयी सरकार को लेकर भी अभी से फैसले सुनाना सही नहीं होगा। तमाम राजनीतिक मजबूरियों के बीच भी फडणवीस सरकार को स्थिरता और कामकाज की दो सबसे बड़ी कसौटियों पर ही खुद को साबित करना है और भूलना नहीं चाहिए कि महाराष्ट्र ने उस पर अपनी उम्मीदें टिका रखी हैं।

**भले ही शिवसेना और एनसीपी से अलग हुए धड़ों के साथ बीजेपी की सरकार करीब ढाई साल कामयाबी से चली। फिर चुनाव में राज्य के वोटरों ने भी इस अलायंस पर सहमति की मुहर लगा दी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय क्षमता और बुनियादी ढांचे का विकास काफी हद तक चीनी सैन्य खतरों का मुकाबला करने के लिए है। हालांकि चीन को सैन्य और आर्थिक रूप से संभालना एक पहलू है, लेकिन चिंता का विषय भारत के पिछवाड़े दक्षिण एशिया में बढ़ता चीनी प्रभाव है। यह भारत की सुरक्षा पर असर डालने की क्षमता रखता है। चीन द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरण बहुत व्यापक हैं, जिनमें आर्थिक, शैक्षिक और कन्फ्यूशियस मॉडल को बढ़ावा देना शामिल है, जो अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है।**


# चीन ने भारत के पड़ोसियों में पैठ बना ली

**हर्षा कक्कड़**

एशिया में भारत और चीन प्रतिस्पर्धी हैं। भारत इस क्षेत्र का एकमात्र देश है जिसने चीनी सेना को उसके रास्ते में ही रोक दिया है। यह बीआरआइ को स्वीकार करने से भी इंकार करता है, जिसमें वे मंच भी शामिल हैं जहां दोनों देश संयुक्त रूप से भाग लेते हैं। लंबी बातचीत के बाद दोनों देश लद्दाख में पीछे हट गये।

डी-एस्केलेशन और डी-इंडक्शन अभी भी कुछ दूरी पर हैं। हालांकि ऐसा प्रतीत हो सकता है कि शांति संभवतः कोने में है।

मुख्य रूप से बदलती वैश्विक गतिशीलता के कारण, भारत इस बात से अवगत है कि चीन एक बड़ा खतरा है और वह अपनी चौकसी को कम नहीं होने दे सकता। भारतीय क्षमता और बुनियादी ढांचे का विकास काफी हद तक चीनी सैन्य खतरों का मुकाबला करने के लिए है। हालांकि चीन को सैन्य और आर्थिक रूप से संभालना एक पहलू है, लेकिन चिंता का विषय भारत के पिछवाड़े दक्षिण एशिया में बढ़ता चीनी प्रभाव है। यह भारत की सुरक्षा पर असर डालने की क्षमता रखता है।



**वर्तमान में, पाकिस्तान पर चीन का 72 प्रतिशत, श्रीलंका का 57 प्रतिशत, मालदीव का 68 प्रतिशत, नेपाल का 27 प्रतिशत और बंगलादेश का 24 प्रतिशत बकाया है। विश्व बैंक जैसे वैश्विक ऋणदाताओं से किसी भी ऋण के लिए, इन देशों को चीन से ऋण पुनर्गठन की आवश्यकता होगी, जो इसे अतिरिक्त लाभ प्रदान करता है।**

**भारत में चीनी राजदूत ने हाल के वर्षों में भारतीय समाचार पत्रों में 13 संपादकीय प्रकाशित किये हैं।**

चीन द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरण बहुत व्यापक हैं, जिनमें आर्थिक, शैक्षिक और कन्फ्यूशियस मॉडल को बढ़ावा देना शामिल है, जो अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है। आर्थिक रूप से, भारत को छोड़कर दक्षिण एशिया के सभी देश चीनी बीआरआइ (बेल्ट रोड इनिशिएटिव) के सदस्य हैं।

चीन द्वारा बिना किसी पूर्व शर्त के दिये गये ऋण ने इन देशों को बीजिंग का ऋणी बना दिया है।

वर्तमान में, पाकिस्तान पर चीन का 72 प्रतिशत, श्रीलंका का 57 प्रतिशत, मालदीव का 68 प्रतिशत, नेपाल का 27 प्रतिशत और बंगलादेश का 24 प्रतिशत बकाया है। विश्व बैंक जैसे वैश्विक ऋणदाताओं से किसी भी ऋण के लिए इन देशों को चीन से ऋण पुनर्गठन की आवश्यकता होगी, जो इसे अतिरिक्त लाभ प्रदान करता है। श्रीलंका का मामला सर्वविदित है जहां चीन ने केवल तभी कार्रवाई की जब भारत ने नेतृत्व किया। विश्व स्तर पर, चीन ने कभी भी अपने ऋणों को देशों की प्रकृति और न ही उन परियोजनाओं के आधार पर तय किया है जिनके लिए वे मांगे गये हैं। इस प्रकार, पश्चिमी संस्थानों द्वारा सवाल उठाये गये या मानवाधिकारों के लिए स्वीकृत राष्ट्र चीनियों को पसंद करते हैं। एक बार फंसने के बाद, देश चीन का आभारी हो जाता है और समय के साथ वैश्विक मंचों पर उसका समर्थन करने के लिए मजबूर हो जाता है।

चीन द्वारा शोषण किया जा रहा एक अन्य उपकरण शिक्षा है। यह 1996 में स्थापित चीन छात्रवृत्ति परिषद के माध्यम से छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। वर्तमान में यह पाकिस्तान से 7,100, श्रीलंका से 100, बंगलादेश से 55 और नेपाल और मालदीव से 75-75 छात्रों को वार्षिक छात्रवृत्ति देता है। सरकार बदलने पर बंगलादेश से संख्या बढ़ सकती है। छात्रवृत्ति पर शामिल होने वाले सभी छात्रों को एक फाऊंडेशन कार्यक्रम से गुजरना आवश्यक है, जो भाषा दक्षता और सांस्कृतिक अनुकूलन पर केंद्रित है। इसके अलावा कन्फ्यूशियस संस्थान, कक्षाएं और संस्थानों में मंदारिन भाषा का शिक्षण भी है। वैश्विक स्तर पर 498 कन्फ्यूशियस संस्थान और 773 कन्फ्यूशियस कक्षाएं हैं, जिनमें से 14 दक्षिण एशिया में हैं। चीनी सरकार द्वारा दक्षिण एशिया के कई स्कूलों में मंदारिन शिक्षण प्रायोजित किया जाता है। ये संस्थान चीनी भाषा सिखाने के अलावा चीनी संस्कृति और इतिहास का भी प्रचार-प्रसार करते हैं।

आंतरिक रूप से, इसके अपने सोशल मीडिया नेटवर्क, वीबो और वी-चैट पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। ग्लोबल टाइम्स, चाइना डेली, पीपुल्स डेली और चाइना ग्लोबल टैलीविजन नैटवर्क जैसे चीनी सीसीपी नियंत्रित मीडिया आऊटलेट अंग्रेजी के अलावा, हिंदी, बंगाली, उर्दू और तमिल में खाते संचालित करते हैं।

अकेले हिंदी फेसबुक पेज पर 11 मिलियन फॉलोअर्स हैं। चीनी दूतावास भारत में कई प्रिंट मीडिया नेटवर्क में पूरे पेज के विज्ञापन खरीदता है। इनमें से प्रत्येक चीनी विकास, विचारों और सांस्कृतिक उपलब्धियों को बढ़ावा देता है। यह समुद्र तक पहुंचने के लिए नाव उधार लेने की चीनी रणनीति पर आधारित है।

भारत में चीनी राजदूत ने हाल के वर्षों में भारतीय समाचार पत्रों में 13 संपादकीय प्रकाशित किये हैं।

दूसरी ओर, चीनी मीडिया नेटवर्क बीजिंग में भारतीय दूतावास के लेख या यहां तक कि खंडन प्रकाशित करने से इंकार करते हैं। जब क्षेत्र के सभी देश किसी बड़े वित्तीय संकट का सामना करते हैं तो वे भारत की ओर रुख करते हैं। श्रीलंका और मालदीव इसके प्रमुख उदाहरण हैं। भारत ने हमेशा उनका समर्थन किया है, हालांकि अभी तक वह दबदबे वाले बड़े भाई की छवि से उबर नहीं पाया है।

**(लेखक भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# अहंकार दूर रखें, नहीं तो गड्ढे में गिरेंगे: मोहन भागवत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि व्यक्ति को अहंकार से दूर रहना चाहिए, नहीं तो वह गड्ढे में गिर सकता है। पुणे में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को मजबूत बनाना जरूरी है। संघ प्रमुख ने कहा कि हर व्यक्ति में एक सर्वशक्तिमान ईश्वर होता है, जो समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है, लेकिन अहंकार भी होता है। राष्ट्र की प्रगति केवल सेवा तक सीमित नहीं है। सेवा का उद्देश्य नागरिकों को विकास में योगदान देने में सक्षम बनाना होना चाहिए। भागवत ने कहा कि सभी को लगता है समाज में सब कुछ गलत हो रहा है, लेकिन हर नकारात्मक पहलू के लिए समाज में 40 गुना ज्यादा अच्छी और शानदार सेवा की जा रही है। इस बारे में लोगों को बताना जरूरी है। उन्होंने कहा, इंसान सुपरमैन, फिर भगवान बनना चाहता है। प्रगति का कोई अंत नहीं है। लेकिन अभी यह नहीं समझना चाहिए कि बस अब हो गया। उन्हें लगातार काम करते रहना चाहिए, क्योंकि विकास का कोई अंत नहीं है। संघ प्रमुख ने कहा, चुनाव के बाद बाहर का माहौल अलग है। नयी सरकार भी बन गई है। ऐसा क्यों हुआ, संघ को इससे मतलब नहीं है। संघ नतीजों के विश्लेषण में नहीं उलझता। लोगों ने जनादेश दिया है, सब उसी के अनुसार होगा।

# संविधान लहराने का मुद्दा नहीं विश्वास का विषय : अमित शाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में संविधान पर चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा, देश में लोकतंत्र की जड़ें पाताल तक गहरी हैं। इसने अनेक तानाशाहों के अहंकार-गुमान को चूर-चूर किया है। जो कहते थे भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पायेगा, वे झूठे साबित हो चुके हैं। हम आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। यह हम सबके लिए गौरव लेने का पल है। संकल्प लेने का पल है। उन्होंने कहा, संविधान का सम्मान सिर्फ बातों में नहीं, कृति में भी होना चाहिए। इस चुनाव में अजीबोगरीब नजारा देखा। आम सभा में संविधान को लहराया नहीं। संविधान लहरा कर, झूठ बोलकर जनादेश लेने का कुत्सित प्रयास कांग्रेस के नेताओं ने किया। संविधान लहराने का विषय नहीं है। संविधान तो विश्वास का विषय है, श्रद्धा का विषय है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र चुनाव में संविधान बांटे गये। एक पत्रकार के हाथ में आ गया। कोरा था। प्रस्तावना तक नहीं थी। 75 साल के इतिहास में संविधान के नाम पर इतना बड़ा छल हमने नहीं देखा है, न सुना है। वे हार का कारण ढूंढ़ते हैं। बता दूं कि लोग जान गये कि संविधान की फर्जी कॉपी लेकर घूमते हो, तो लोगों ने हरा दिया।



गृह मंत्री ने कहा, आज मैं जब यहां आया हूं कि आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, स्वामी विवेकानंद और अरविंद की भविष्यवाणी सत्य होती दिख रही है। हमारा संविधान और संविधान सभा की रचना दुनिया में अनूठी है। हमारे यहां दुनिया का सबसे ज्यादा विस्तृत और लिखित संविधान है। इस संविधान सभा में 299 सदस्य 22 जाति धर्म के सदस्य रहे हैं। सभी समाजों के प्रतिनिधित्व के साथ संविधान बनाया गया। दुनिया में शायद ही ऐसा संविधान होगा, जिसका ड्राफ्ट जनता को कमेंट के लिए दिया गया। और कमेंट के आधार पर सुधार किया गया। हम सबको अपने संविधान पर गर्व है। उन्होंने कहा, जब हम आजाद हुए, तब कई लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि देश बिखर जायेगा, देश में एकता नहीं हो सकती। देश आर्थिक निर्भर नहीं हो सकता। सरदार पटेल के कारण देश एक होकर खड़ा है। 75 साल हो गये, हमारे पड़ोस और दुनिया भर में लोकतंत्र सफल नहीं हुआ। हमारे लोकतंत्र की जड़ें पाताल तक मजबूत हैं। जो कहते थे, भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पायेंगे, हम आज दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। यह हम सबके लिए गौरव लेने का पल है, संकल्प लेने का पल है।

गृह मंत्री ने कहा, अब कांग्रेस चुनाव हारती है, तो इवीएम को दोष देती है। महाराष्ट्र में सूपड़ा साफ हुआ, उसी दिन झारखंड में जीते। महाराष्ट्र में इवीएम खराब है, झारखंड में नये कपड़े पहन कर शपथ ले ली। एक जगह इवीएम खराब है, एक जगह सही हो गयी, ये कैसे हो सकता है।

# प्रियंका के बैग पर फिलिस्तीन के बाद बांग्लादेशी हिंदू-ईसाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी मंगलवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं, जिस पर 'बांग्लादेशी हिंदुओं और इसाइयों साथ खड़े हो' लिखा था। एक दिन पहले ही वे फिलिस्तीन को समर्थन करने वाला बैग लेकर पहुंची थीं, जिस पर 'फिलिस्तीन आजाद होगा' लिखा था। इस पर विवाद भी हुआ। प्रियंका ने सवाल उठाने वालों से कहा था, मैं कैसे कपड़े पहनूंगी, इसे कोई और तय नहीं करेगा। बरसों से चल रही रूढ़िवादी पितृसत्ता को मैं नहीं मानती। मैं जो चाहूंगी, वही पहनूंगी। फिलिस्तीन का समर्थन करने पर पाकिस्तान सरकार में पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने भी उनकी तारीफ में कहा कि हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, जवाहरलाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पोती से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं? प्रियंका ने अपना कद और ऊंचा कर लिया है। यह शर्मनाक है कि आज तक किसी पाकिस्तानी सांसद ने ऐसी हिम्मत नहीं दिखायी। लोकसभा में सोमवार को भी प्रियंका गांधी ने प्रश्नकाल में सवाल किया था। उन्होंने कहा, मैं सबसे पहले जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहती हूं, वह यह है कि इस सरकार को बांग्लादेश में हिंदू और इसाइ अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए और उनका समर्थन लेना चाहिए। दूसरा मुद्दा यह है कि आज सेना के मुख्यालय से एक तस्वीर उतारी गयी है, जिसमें पाकिस्तानी सेना भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है।

# युद्ध के खतरों पर संसदीय समिति ने जतायी चिंता

## डीआरडीओ को अपने अनुसंधान का विस्तार करना चाहिए

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्ष ने हाइब्रिड युद्ध के खतरों को उजागर किया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्ष ने हाइब्रिड युद्ध के खतरों को उजागर किया है। इसे देखते हुए एक संसदीय पैनल ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ को किसी भी युद्ध और सुरक्षा खतरों के खिलाफ युद्ध की तैयारी बढ़ाने के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों का विस्तार करना चाहिए। मंगलवार को संसद में पेश की गयी एक रिपोर्ट में समिति ने बताया कि 55 परियोजनाओं में से 23 निर्धारित समय के भीतर पूरी नहीं हो पायी। रिपोर्ट में बताया गया, पिछले 10 वर्षों के दौरान 34161.58 करोड़ रुपये की 571 परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हुईं। इस अवधि के दौरान 770.31 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाएं चरणबद्ध तरीके से बंद कर दी गयी हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि डीआरडीओ को आइआइटी और आइआइएससी बेंगलुरु जैसे प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों में अपनी अनुसंधान प्रयोगशालाएं स्थापित करनी चाहिए। इससे रक्षा में रुचि रखने वाले छात्रों को सैन्य प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। समिति ने शिक्षा और उद्योगों के साथ अनुसंधान जुड़ाव के लिए डीआरडीओ में उपकरणों पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने डीआरडीओ से अपने अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए एआइ और रोबोटिक्स जैसे प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के नये क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इसके अलावा समिति का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में जारी संघर्ष ने काफी हद तक हाइब्रिड युद्ध के खतरों को उजागर किया है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। समिति ने कहा कि डीआरडीओ को शिक्षा और उद्योग के सहयोग से अपने अनुसंधान और विकास प्रयासों को और व्यापक बनाना चाहिए। इसमें हाइब्रिड काइनेटिक और नॉन काइनेटिक युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ ड्रोन रोधी क्षमताओं को शामिल करना चाहिए। समिति का मानना है कि डीआरडीओ, जो कि देश का सबसे उन्नत अनुसंधान संस्थान है, को दूर-दराज के क्षेत्रों में सौर और पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में दाखिल होना चाहिए, ताकि सीमाई क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बल के जवानों की रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। समिति को इस बारे में उठाये गये कदमों की जानकारी चाहिए होगी।

# वीर सावरकर और नेहरू गांधी की रट छोड़ आगे की बात करे कांग्रेस-भाजपा : उद्धव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नागपुर।** महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को विनायक सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। उद्धव ने मीडिया से कहा, कांग्रेस को वीर सावरकर और भाजपा को अब नेहरू की रट नहीं लगानी चाहिए। इन महापुरुषों ने जो किया, वह किया। अब आगे की बात करनी चाहिए। उन्होंने यह भी पूछा कि भाजपा वीर सावरकर को भारत रत्न कब देगी? देवेंद्र फडणवीस ने भी 2019 में इस बारे में पत्र लिखे थे, उसका क्या हुआ। तब भी मोदी ही पीएम थे। इससे पहले 14 दिसंबर को पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भी सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सावरकर के विरोध में रही है। कुछ साल पहले महाराष्ट्र कांग्रेस की मासिक पत्रिका (मराठी) 'शिदोरी' में उन्हें 'माफीवीर' लिख चुकी है। संजय राउत ने 14 दिसंबर को कहा था कि भाजपा हिंदुत्व की बात करने से पहले वीर सावरकर को भारत रत्न देने की हिम्मत दिखाये।

उद्धव ने कहा कि यह एनडीए सरकार है। इस सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह उनका पहला सत्र है। परंपरा रही है कि सीएम सदन में मंत्रियों का परिचय कराते हैं। जिनके ऊपर इडी के केस हैं, ऐसे मंत्रियों का परिचय सीएम को करना पड़ा। उन्होंने कहा, जिनके जैकेट तैयार थे, पर पहन नहीं पाये, उनके लिए सहानुभूति व्यक्त करता हूं। जिनको मंत्री नहीं बनाया, उनके लिए मुझे दुख है। सरकार में कुछ ठीक नहीं है। भुजबल से अभी मेरी बात नहीं हुई, लेकिन वह मेरे संपर्क में रहते हैं।

एक देश-एक चुनाव पर उद्धव ने कहा, यह ध्यान भटकाने की कोशिश है। वन नेशन-वन इलेक्शन से पहले बैलेट पेपर पर



चुनाव करा लें, अगर लोगो के मन में शंका है। चुनाव आयुक्त का भी चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरी मांग है कि योजना तत्काल शुरू करें और वादे के मुताबिक बिना किसी नियम-शर्त के महिलाओं को 21 सौ रुपये दें।

# ओझागुणी का आरोप लगाकर छोटू भगत की पड़ोसियों ने ही की थी हत्या : एसपी

**पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ़्तार अभियुक्त में अंकित सिंह उम्र 19 वर्ष, तेतर सिंह उम्र 20 वर्ष तथा अन्य एक नाबालिग तीनों भंडार कोइल अहरा टोला थाना धुरकी जिला गढ़वा के रहनेवाले हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडार गांव के गोकुलवा खाड जंगल में छोटू भुईयां उर्फ छोटू भगत उम्र करीब 62 वर्ष को हत्या अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा कर दी गयी थी। जिसके आलोक में मृतक के बहू राज पटिया देवी उम्र करीब 40 वर्ष पति दरबन भुईयां के लिखित आवेदन के आधार पर धुरकी थाना कांड संख्या-165/ 24 दिनांक-13.12.24 धारा-103 (1) बी एन एस के तहत कांड अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेर्शानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर और आसूचना संकलन से यह बात प्रकाश में आई कि मृतक झाड़ फूंक का काम करता था। जिसके कारण उसके पड़ोसी तेतर सिंह एवं अंकित सिंह से उसका दुश्मनी चल रहा था। अनुसंधान के क्रम में तेतर सिंह और अंकित सिंह से पूछताछ का प्रयास किया गया। परंतु वे दोनों घर से फरार पाये गये। इसके बाद शक के आधार पर तेतर सिंह एवं अंकित सिंह के नाबालिग दोस्त से पूछताछ किया गया। जिसने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए उक्त दोनों अभियुक्तों की कांड में संलिप्ता के बारे में बताया। इसके बाद टीम का गठन कर बारी-बारी से छापामारी कर अंकित सिंह को मदगड़ी भंडरिया से तथा तेतर सिंह को भंडार से पकड़कर पूछताछ किया गया। जिन्होंने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। उक्त तीनों अभियुक्तों के निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त तीनों टांगी को जिसमे अंकित सिंह, जो घटना में मृतक का टांगी का प्रयोग किया था, को कुश माही नदी से, नाबालिग जो कांड में अपना टांगी का प्रयोग किया था, उसके घर से तथा तेतर सिंह जो कांड में अपना टांगी का प्रयोग किया था, उसे उसके कुआं से बरामद कर लिया गया है। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ़्तार अभियुक्त में अंकित सिंह उम्र 19 वर्ष, तेतर सिंह उम्र 20 वर्ष तथा अन्य एक नाबालिग तीनों सा0 भंडार कोइल अहरा टोला थाना धुरकी जिला गढ़वा के रहनेवाले हैं। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जब्त सामानों कांड में प्रयुक्त तीनों टांगी, घटना के समय अभियुक्तों के द्वारा पहना कपड़ा है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर सत्येंद्र नारायण सिंह पुअनि उपेंद्र कुमार थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# गढ़वा को गुलामी और तानाशाही से आजादी मिल चुकी है : रितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा है कि झामुमो के लोग स्थानीय भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को सुझाव देना बंद करें। झामुमो सरकार को उनके चुनावी घोषणा को याद दिलाया। बालु के बिना जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रधानमंत्री आवास अबुआ आवास नहीं बन रहा है। पुल पुलीया का निर्माण भवन निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली सामने आ चुका है। झामुमो के लोग झुठा विकास का ढिंढोरा पीटने में लगे हुए हैं। जबकी सच्चाई है कि झामुमो सरकार में मानक के अनुरूप कोई काम नहीं हो रहा है। झामुमो के कुछ चंद लोग गढ़वा चुनाव हारने पर ज्यादा घबराहट में दिख रहे हैं। इसलिए की भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को विधायक बनने से गढ़वा को गुलामी और तानाशाही से आजादी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों से चुनाव पूर्व 3200 रुपये धान खरीदने का वादा था। लेकिन सत्ता में आने के बाद झामुमो सरकार 2400 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद कर रही है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मुफ्त बिजली और बिजली माफी योजना भी फेल साबित हुआ है। अनेकों गरीब जनता बिजली बिल जमा कर रही है बाकी कई घरों का बिजली बिल माफ भी नहीं हुआ है। झामुमो सरकार बालु फ्री लागू करे। वादा के अनुसार 450 रुपये में हर घर में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराये। सभी महिलाओं और बेटीयों को प्रतिमाह 2500 भत्ता देने का काम करें। झारखंड में स्थानीय नीति लागू नहीं है इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा हैं। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल संजय जायसवाल, अशोक सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फिट इंडिया के अंतर्गत खेल और योग का आयोजन



गढ़वा(आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के द्वारा खेल और फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत खेल और योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 100 मीटर रेस 200 मीटर रेस, लेमन स्पून रेस, वॉलीबॉल लूडो योग का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता 100 मीटर रेस में लड़कों में समीर, विशाल पाल एवं आदित्य सिंह 100 मीटर रेस लड़कियों में सुगंध देवमणि एवं अंकित विजेता रहे लूडो में शमशाद विजेता रहा वॉलीबॉल में बी फार्मा सेकंड ईयर थर्ड सेमेस्टर विजेता रहे। इस कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के प्राचार्य प्रोफेसर मनीष दुबे, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह, कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और राकेश सिंह के नेतृत्व में सारे कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

## छात्राओं ने निकाली विधिक जागरूकता रैली



रंका(आजाद सिपाही)। विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वाधान में है 17 दिसंबर 2024 को रंका परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के छात्राओं ने विधिक जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर लगभग 200 की संख्या में छात्राओं के द्वारा हाथ में तख्तियां लेकर बाल विवाह अभिशाप है, बाल मजदूरी बंद करो, नशा नाश का कारण है, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ आदि नारे के साथ प्रभात फेरी रैली निकाली गयी। वहीं झालसा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे- चेतन, तृप्ति, मानवता, कर्तव्य शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक उज्जवल चौबे, सत्येंद्र यादव, पीएलवी कृष्णानंद दूबे, नवचयनित पीएलवी राजेश चौधरी, अमरेंद्र कुमार, प्रिंस दुबे, सरस्वती देवी, शशि कुमारी, सुनिल, कैमुद्दीन के द्वारा महती भूमिका निभायी गयी।

## मुखिया ने पुलिया का किया उद्घाटन




रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के सिलीदाग पंचायत छपरदागा में इमली नाला पर एक लाख पचास हजार रुपये की लागत से बनी पुलिया का उद्घाटन मुखिया अनीता देवी द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। कई साल पहले युक्त पुलिया का निर्माण संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना से किया जा रहा था। ग्रामीणों की समस्या और मांग को देखते हुए अनीता देवी द्वारा 15वां वित्त आयोग की राशि से अधुरे पुलिया का निर्माण पुरा कराया। पुलिया निर्माण होने से छपरदागा गांव की बड़ी आबादी को बरसात के दिनों में नाला में उतर कर पार होने से राहत मिलेगी। इस अवसर पर वार्ड सदस्य प्रभा देवी, विश्वनाथ यादव, रीना देवी, हल्कनियां देवी, दलेश्वर यादव, प्रदीप यादव सहीत कई लोग उपस्थित थे।

## बाइकों की टक्कर, महिला समेत चार घायल

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरिया गांव में मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क के नहर चौक पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक बुजुर्ग महिला समेत चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि दिनेश राम भीमराज की ओर मुड़ चुके थे, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे पल्सर बाइक सवार में जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें कबूतरी कुंवर, दिनेश राम, वीरेंद्र कुमार साव और मोनू साव बुरी तरह घायल हो गये। सुमंत साव दुर्घटना स्थल से भाग निकला। वहीं मिली जानकारी के अनुसार मझिआंव रेफरल अस्पताल में डॉक्टर कविता कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज हेतु सभी चारो घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी अविनाश राज को दुर्घटना की जानकारी दी गयी। जानकारी मिलने पर थाना एस आई विद्यासागर प्रसाद दलबल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी हासिल की।

## आरके पब्लिक ने सीपी मेमोरियल को 41 रनों से हराया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले दिन खेले गये मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने सीपी मेमोरियल स्कूल सहिजना को 41 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। आरके पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मिथुन के 14 और आफताब के 12 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवरों में सभी विकेट खोकर 83 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल की टीम ने 42 रनों पर ही सिमट गयी। आरके पब्लिक स्कूल के ओर से और हिमांशु पाल ने चार विकेट हासिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के हिमांशु पाल को संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

# आदिवासी महिला मुखिया के साथ पारा शिक्षक ने की छेड़छाड़, थाना में शिकायत दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा एसपी के पास गुहार लगाती करचाली पंचायत के मुखिया मोनिका खरखो।

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड के करचाली पंचायत के मुखिया मोनिका खलखो के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में नव प्राथमिक विद्यालय चिरैयाटांड़ के पारा शिक्षक हसनैन अंसारी पर मुखिया के साथ छेड़छाड़ के अलावे सरकारी दस्तावेज फाड़कर फेंकने का आरोप है। घटना के बाद मुखिया ने उक्त पारा शिक्षक पर कार्रवाई के लिये भंडरिया थाना में शिकायत की है। घटना की जानकारी देते हुए मुखिया ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में सोमवार को वे ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उक्त पारा शिक्षक पंचायत भवन पहुंचकर मुखिया पर नियमविरुद्ध काम करने का दबाव बनाने लगा। वहीं इनकार करने पर मुखिया के साथ गाली गलौज, मारपीट के साथ छेड़छाड़ करते हुए ग्राम सभा पंजी फाड़ कर फेंक दिया। बताया कि बाद में पंचायत भवन में उपस्थित लोगों ने मुखिया को बचाया और मुखिया मोनिका खलखो ने भंडरिया थाना पहुंचे पारा शिक्षक हसनैन जावेद के खिलाफ आवेदन लगायी।

इस संबंध में पूछे जाने पर पारा शिक्षक हसनैन अंसारी ने कहा कि वे विद्यालय से छुट्टी के बाद पंचायत भवन गये थे, जहां उन्होंने मुखिया की ओर से पारा शिक्षक के प्रति किये गये दुष्प्रचार के बारे में बातचीत हो रही थी, वहां कई लोग थे, लेकिन उनके उपर लगाये गये आरोप पूरी तरह से गलत है। जानबूझकर उन्हें फंसाया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में जांचों उपरांत प्राथमिक की दर्ज की जा रही है।

# पढ़े भारत, बढ़े भारत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल को सौंपा गया आमंत्रण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** दृष्टि यूथ आर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने सोमवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल संतोष गंगवार को कांडी में आयोजित पढ़े भारत बढ़े भारत कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण पत्र सौंपा। उसके बाद शशांक ने राज्य व गढ़वा जिले के विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में काफी धांधली की गयी है। उसकी सीबीआई जांच करायी जाय। निष्पक्ष जांच नहीं होने से राज्य के होनहार प्रतिभाशाली बच्चों के साथ अन्याय होगा। शशांक ने जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में शिक्षा व्यवस्था की घोर कमी को दूर करने की मांग किया। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चे स्कूल तो जाते हैं लेकिन विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर व विषयवार शिक्षकों की कमी है। उन्होंने सरकार की मंईयां सम्मान की राशि को बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पर खर्च करने या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों पर खर्च करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि कांडी प्रखंड राज्य के सुदूरवर्ती प्रखंड में से एक है, जहां अस्पताल तो बने लेकिन वहां ना तो समय पर डॉक्टर मिलते हैं और ना गरीबों का समुचित इलाज हो पाता है। बालू के अवैध उत्खनन से लोगों को हो रही परेशानियों को बताया। पढ़े भारत बढ़े भारत कार्यक्रम में आने के सवाल पर राज्यपाल ने कहा कि राजभवन की तरफ से सरीक होने की तिथि व समय की सूचना उपलब्ध करा दी जायेगी। मौके पर संस्था के वैभव सजल, आदित्य चौहान व हर्ष कुमार शामिल थे।

# मेराल प्रखंड में नीलगाय परेशानियों का सबब बनती जा रही है : कृषक

**सरकार और वन विभाग से नीलगाय की आतंक से निजात और मुआवजा की कर रहे मांग**

**समस्या का समाधान नहीं होने पर खेती बंद करने की कही बड़ी बात**



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दर्जनों गांवों में इन दिनों नीलगाय के आतंक से किसानों को जूझना पड़ रहा है। झूंडों में आकर नीलगाय फसलों को नुकसान पहुंचाते रहते हैं। ठंड के कारण किसान फसलों की रखवाली करने में मुस्तैद नहीं रह पा रहे हैं जिसका लाभ नीलगाय उठाने में लगे हैं। जो किसानों की परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। प्रखंड के चामा, देवगाना, कजराठ, हासनदाग, करकोमा, रेजो, मेराल, बाना सहित दर्जनों गांवों के किसान इसके भुक्तभोगी हो रहे हैं। रेजो गांव के किसान अलखनारायण चौबे, राजीव रंजन चौबे, अवध किशोर चौबे, सूर्यदेव चौबे, रामाशंकर, गुलाब, रामेश्वर, महेंद्र, राजन, हासनदाग गांव के किसान रंजीत, दुखन, विवेकानंद, बृजमोहन, यासीन, करकोमा गांव के किसान गौरीशंकर, भारत-भूषण तिवारी, लक्ष्मण सहित कई किसानों ने बताया कि वे लोग बैंक से केसीसी ऋण लेकर आलु, गेहूं, अरहर, चना आदि फसल लगाये हैं जिसे नीलगाय झुंड में पहुंच कर फसल को बर्बाद कर रहे है।

**जानकारी के बावजूद मौन है अधिकारी :** किसानों का कहना है कि सैकड़ों एकड़ में लगे करोड़ों रुपये के फसलों की बबार्दी की जानकारी जिले के आला अधिकारी और वन विभाग को है परंतु सभी मौन धारण किए हुए हैं। किसानों ने अपने रहनुमा जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से नीलगाय से फसल बचाव का उपाय और मुआवजा दिलाने की मांग किया है। समस्या का समाधान नहीं होने पर किसानों ने खेती करना बंद करने की धमकी देते हुए कहा कि इसके बाद हमारे भरण-पोषण करने की जवाबदेही विभाग के अधिकारियों तथा सरकार को लेनी पड़ेगी।

# चुनावी वादों को समय से पूरा करने में झामुमो सरकार फेल : लक्ष्मण राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राज्य की हेमंत सरकार ने विगत विधानसभा चुनाव में किये गये वायदे के अनुसार निर्धारित तिथि तक माता बहनों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये नहीं दे सकी। चुनावी घोषणा के अनुसार किसानों का धान 32 रुपये की जगह 23 रुपये प्रति किलो खरीदा जा रहा है, जो किसानों के साथ धोखा है। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आज तक मंईयां सम्मान योजना की राशि माता-बहनों के खाते में तो नहीं गया, बल्कि 16 दिसंबर को रांची में जेएसएससी सीजीएल के अभ्यर्थियों को लाठी डंडे से भईया योजना दिया गया। चुनाव के दौरान किसानों का धान 32 रुपये प्रति किलो खरीदने की घोषणा किया गया था, लेकिन किसानों का धान 23 रुपये किलो खरीदना शुरू किया गया और दो दिनों में ही गोदाम भर जाने की बात कर धान का क्रय बंद कर दिया गया, जबकि गोदाम का एक हिस्सा भी नहीं भरा है। चुनाव में किये वायदे के अनुसार आज तक 450 रुपये में गैस सिलेंडर लाभुकों को देने की योजना शुरू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के द्वारा जिले के उपायुक्त को पत्र भेजकर नगर पंचायत क्षेत्र में चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने तथा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण की व्यवस्था करने को कहा गया था, लेकिन आजतक उनके बातों का कोई असर नहीं हुआ। शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, यदि साफ सफाई नहीं होने का पुरस्कार देने की बात हो, तो पूरे झारखंड में श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र नंबर वन साबित होगा। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कुमार कनिष्क, लालमोहन यादव, अनिल पासवान, संतोष चौबे, नन्हकू पासवान, नारद प्रजापति, अशोक सिंह, विवेकानंद पांडेय, सत्यनारायण पांडेय, विपेश तिवारी, जितेश्वर विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# नल जल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के जिरहुल्ला टोला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और अनियमितता बरती गयी है। उक्त योजना के संवेदक द्वारा सत्यनारायण यादव के घर के पास लगा जलमिनार तो खड़ा कर दिया गया है, लेकिन टोला के किसी घर में पाईप लाईन से पानी नहीं मिल पा रहा है। योजना के ठेकेदार द्वारा भोले भाले लोगों से उनके घरों में नल जल पहुंच जाने से संबंधित कागजात लेकर घरों में बिना कनेक्शन किये ही सरकारी राशि का दुरुपयोग कर लिया गया है। जिससे उक्त योजना शुरू होने से पहले ही धरातल की बजाय कागज पर ही दम तोड़ते नजर आ रही है।

**क्या कहना है, ग्रामीणों का :** नल जल योजना में संवेदक द्वारा की गयी भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत के ग्रामीण रविंद्र वैद्य, प्रणय मेहता, बीरबल मेहता, गोरख ठाकुर, मनोज मेहता, अजित यादव, विनय यादव, दिनेश्वर प्रसाद यादव, भारत भूषण मेहता, राम सुधार ठाकुर, मंजू पाठक, फूल कुमारी, चंचला देवी सरस्वती देवी आदि ने बताया कि जिरहुल्ला में नल जल योजना के तहत पंचायत में जलमीनार लगा हुआ है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सिर्फ जलमिनार खड़ा कर टोला के घरों में पाईप लाईन द्वारा बिना कनेक्शन किए ही छोड़ दिया गया है। कहा कि उक्त टोला में 100 घरों पर पांच सौ आबादी के लिए पांच जल मीनार शुरू होने से पहले ही ठेकेदार के काली करतूत के चलते महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्रामीणों की माने तो जलमिनार के लिए किया गया बोर भी मानक के अनुरूप नहीं कर कहीं 120 फीट तो कहीं 150 फीट ही कर उसमें सोलर जलमिनार फीट कर दिया गया है। कहा कि संवेदक द्वारा जो पाइप लाईन बिछाया गया है वह हर जगह टूट चूका है, तो घर में पानी कैसे आयेगा। संवेदक द्वारा जल मीनार में अनियमितता किया गया है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना में संवेदक द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है। कहा कि ऐसे ही सरकारी राशि को लूटने नही देंगे। उन्होंने नल जल योजना में संवेदक द्वारा बरती गयी, भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायत गढ़वा उपायुक्त और संबंधित विभाग से करने की बात कही।

## अंतरराष्ट्रीय पेंशन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर 17 दिसंबर को झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सभा में उपस्थित पदाधिकारी /सदस्यों एवं पेंशनरों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि आज भारत में पेंशन भोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। 17 दिसंबर के दिन ही सेवानिवृत अधिकारियों, पेंशन भोगियों को सम्मान और शालीनता की गारंटी देते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया था। हमारे देश में यह दिवस स्वर्गीय डी एस नकारा को कृतज्ञता के साथ याद करने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने दिनांक 17 दिसंबर 1982 के फैसले के माध्यम से इस समुदाय को सम्मान और शालीनता दिलाने के लिए वर्षों तक संघर्ष किया था। इस 37वें राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर हम एक बार फिर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश माननीय स्वर्गीय वाई के चंद्रचूड़ के द्वारा दिये गये फैसले को याद करते हैं। सभा को संबोधित करने वालों में श्री श्याम बिहारी राम अमरनाथ गुप्ता बृजनंदन प्रसाद श्रवण कुमार एवं गोपाल राम आदि ने भी अपने-अपने विचारों से सभा को अवगत कराया गया। अंत में श्री यादव ने अध्यक्ष संबोधन में कहा कि आगामी बैठक में कंबल वितरण, कल्याण कोष आदि पर चर्चाएं होगी।

## 15 जैन साध्वियों का आज होगा खूंटी में पदार्पण, समाज के लोगों में हर्ष



खूंटी (आजाद सिपाही)। जैन साध्वियों का एक दल बुधवार को खूंटी नगर में प्रवेश करेगा। 15 जैन साध्वी कोलकाता से पैदल चलकर तमाड़ होते हुए बुधवार को सुबह नौ बजे खूंटी पहुंचेंगी। एक साथ 15 जैन साध्वियां के खूंटी आगमन से जैन धर्मावलंबियों में हर्ष व्याप्त है। जैन समाज के रोहित जैन ने कहा कि खूंटी के इतिहास में पहली बार इतनी संख्या में महिला संतों का पदार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जैन साध्वी हमेशा पैदल ही अपने गंतव्य तक की यात्रा करती हैं। वे पूरे दिन में सिर्फ एक बार ही भोजन करती हैं। उन्होंने बताया कि जैन महिला संत खूंटी के बाद पैदल ही इंदौर के लिए रवाना हो जाएंगी। उनके आगमन को लेकर जैन समाज के अध्यक्ष शेखर चंद जैन, उपाध्यक्ष श्रीपाल चंद जैन, सचिव रमेश जैन, सह सचिव प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष अरविंद जैन तैयारी में लगे हैं।

## बुंडू में फिर से शुरू हुआ अवैध बालू का कारोबार



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में बालू में वैद्य चालान और अवैध चालान बनाकर अवैध बालू का कारोबार फिर से शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार वैध चालान से 6300 रुपया लेकर टर्बो गाड़ी से रात के अंधेरे में बालू के स्टॉकिस्ट के स्टोर से यह कारोबार चल रही है, इसके अलावे अवैध चालान से 3000 रुपया प्रति टर्बो लेकर रांची भेजा जा रहा है प्रतिदिन 60 से 70 टर्बो गाड़ी से राजधानी रांची बालू पहुंच रहे हैं इसके लिए बुंडू दशमफल व नामकुम थाना सहित स्थानीय नेता को भी मैनेज किया जा रहा है या धंधा अधिकारियों के आंखों में धूल झोंक कर चल रहा है मुख्यमंत्री के आदेश हो रही है अवहेलना बुंडू में एक ही स्टॉक चालान वाले हैं उनके स्टॉक में उतनी बालू नहीं है जितनी खपत है टर्बो गाड़ी वाले इधर-उधर से बालू लोडकर चालान कटवा लेते हैं अन्यथा अधिकारियों को मैनेज कर अवैध बालू का धंधा बेरोकटोक चल रहा है इस पर ना एसडीओ और ना ही डीएसपी व स्थानीय पुलिस प्रशासन की नजर जा रही है।

## कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा उत्तरी पंचायत के सीता महिला मंडल जन वितरण प्रणाली की दुकान पर 156 कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी लूंगी एवं अनाज का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष और मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने वितरण किया। मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने पंचायत के सभी कार्डधारी से आग्रह किया है कि जो भी पंचायत के कार्डधारी हैं वह अपने जन वितरण प्रणाली की दुकान में जल्द से जल्द केवाईसी करा ले नहीं तो राशन कार्ड से नाम हट जायेगा। राशन कार्ड में जिनका भी नाम है वह अपने राशन कार्ड और परिवार के कार्डधारी के साथ जाकर केवाईसी करने का कार्य करें। इस मौके पर दुकान की संचालिका का सीता देवी सीटू महतो लाभुकों में सुरेश महतो, रिमन महतो, झुना महतो कौशल्या देवी, अनीता देवी संगीता देवी, लक्ष्वा देवी, शकुंतला देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## निजी काम के लिए टैक्टर से बालू परिवहन करनेवालों को न पकड़े प्रशासन: सोनू इमरान



खूंटी (आजाद सिपाही)। ओबीसी कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान के नेतृत्व में ओबीसी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमडल ने खूंटी की अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बालू लदे ट्रैक्टरों को नहीं पकउ़ने की मांग की। मौके पर सोनू इमरान ने कहा कि हर तरह के निर्माण कार्य के लए बालू जरूरी है। लोग घर बनाने के लिए टैक्टर से बालू का परिवहन करते हैं। पुलिस द्वारा उन टैक्टरों को पकड़ लिया जाता है ओर मामला दर्ज किया जाता है। इस पर एसडीओ ने कहा कि उन्होंने निजी काम के लिए टैक्टर से बालू परवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बड़े वाहनों से जिले के बाहर बालू का अवैध करोबार करनेवालो के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष आमिल अफसर सहित अन्य शामिल थे।

## डीसी और एसपी ने लिया आयोजित होने वाले दौड़ प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा



खूंटी (आजाद सिपाही)। चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 18 बुधवार को बिरसा कॉलेज के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होनेवाले दौड़ को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने मंगलवार को तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और कोच को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों को सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ ससमय दौड़ प्रक्रिया संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दौड़ प्रक्रिया ससमय प्रारंभ हो और आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर मेडिकल टीम, पेयजल, चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और कोच पूरी निष्पक्षता के साथ पारदर्शी तरीके से अपने कार्यों का निर्वहन करें। मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, कोच समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की खेल और पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले में खेल एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय खूंटी के कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने खेल एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में इन विभागों द्वारा संचालित कार्यों की उपायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा की। खेल विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से कमंता इंडोर स्टेडियम, ब्लॉक लेवल स्टेडियम, सिदो कान्हू युवा खेल क्लब रजिस्ट्रेशन समेत अन्य विषयों पर उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये।

# सविता महतो ने किया 10.18 करोड़ की लागत से छह सड़कों का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** विधानसभा क्षेत्र के ईचागढ़ और चांडिल प्रखंड क्षेत्र में विधायक सविता महतो ने छह सड़कों का शिलान्यास नारियल फोड़कर और शिलापट्ट अनावरण कर किया। विधायक ने पीडब्ल्यूडी सड़क से चीरूगोड़ा, ब्लाक बोर्डर से मैसड़ा, कुंदरीलोंग से घाटीया तक सड़क सुद्दढ़ीकरण सहित छह सड़कों का सुद्दढ़ीकरण व मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 10 करोड़ 18 लाख की लागत से एक पैकेज का सुद्दढ़ीकरण व मरम्मती कार्य किया जायेगा। सड़कों का मरम्मती होने से लोगों को यातायात में काफी सुविधा होगी। सभी सड़कें काफी जर्जर हालत में है, लोगों को आवाजाही में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ और चांडिल प्रखंड क्षेत्र में 6 सड़कों का सुद्दढ़ीकरण व मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मती कार्य में किसी भी तरह का अनियमितता बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने अभियंता को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, मधुसुदन घोष, सपन कुमार आदित्यदेव, अमित सिन्हा, पशुपति बागची सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बन्हे में वन भूमि मापी को लेकर फॉरेस्ट अधिकारियों को ग्रामीणों ने लौटाया

## ग्रामीण ग्रामसभा की सहमति से ही पेड़ लगाये जाने पर अड़े

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत बन्हे राजस्व गांव में सोमवार को अचानक बड़कागांव वन प्रक्षेत्र के अधिकारियो के दल बल के साथ बन्हे गांव पहुंचे और वृक्षारोपण के लिए वन प्रक्षेत्र की भूमि की मापी करने लगे।इस मापी का विरोध करते हुए गांव के ग्रामीणों ने उक्त अधिकारियों से नियम कानून को ताक में रखकर वन पदाधिकारियों द्वारा बिना ग्राम सभा के वन प्रक्षेत्र में वृक्षारोपण किए जाने से संबंधित भूमि मापी का तीव्र विरोध करते हुए भूमि मापी स्थल से अधिकारियों को बैरंग वापस लौटा दिया गया। इस दौरान बड़कागांव वन प्रक्षेत्र अधिकारियो और ग्रामीणों के बीच वृक्षारोपण को लेकर वन क्षेत्र भूमि मापी का जोरदार विरोध किया गया। इसके फल स्वरुप वन अधिकारियों एवं ग्रामीणों में काफी वाद विवाद बढ़ गया। इधर वन पदाधिकारियो ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वन प्रक्षेत्र की भूमि पर पांच छह किस्म के पौधे लगाने की बात ग्रामीणों से करते रहे। लेकिन बन्हे के ग्रामीणो ने यह कहते हुए मना किया कि फॉरेस्ट द्वारा पौधे लगाने से जानवर भी इस पौधे को नहीं खाते और ना ही मानव जीवन के लिए यह उपयोगी पौधा है। इसीलिए प्राकृतिक द्वारा फलदार एवं जन उपयोगी पौधे ही लगाए जाए। इधर ग्रामीणो ने वन अधिकारियों को वन पालन समिति का गठन कर समिति के माध्यम से वन प्रक्षेत्र में पेड़ लगाने की बात कही।जिसमे ग्रामीणो द्वारा ही समिति के माध्यम से उपयोगी पौधे लगायें जाये।

# विधायक सुरेश बैठा ने किया खलारी क्षेत्र का दौरा, कहा वर्तमान सरकार में विकास कार्यों को दी जायेगी गति

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कांके विधानसभा के नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने खलारी का दौरा किया। इस दौरे के क्रम में विजयी सह आभार यात्रा निकाली गयी। समर्थकों ने जगह जगह फूल माला व बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। आभार यात्रा के दौरान लपरा शिव मंदिर व हेसालौंग सरना स्थल पर मत्था टेका। वहीं धमधमिया में बिरसा मुंडा एव भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने विकास नगर, कोनका, लपरा, नावाडीह, धमधमिया, खलारी बजार टांड, मोहनगर, चदरा धौड़ा, केडी सहित अन्य जगहों पर लोगों से मिले व चुनाव में विजय बनाने के लिए आभार प्रकट किया। ग्रामीणों से मिलकर उनके समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में विकास कार्यों को गति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि वे जनता के उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। आभार यात्रा में राजेश सिंह मिंटू, जालिम सिंह, इंदिरा देवी, मोनू रजक, राजेश गंझू, जैनुल खान, श्रवण भोगता, मुकेश यादव, अनिल पासवान, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, शशि मुंडा, कलिंदर ठाकुर, राजकिशोर सिंह, नंदू मेहता, शंकर सिंह,संजय राम, पप्पू सिंह, दिनेश्वर सिंह, बिरेंद्र यादव, साबिर अंसारी, सुधीर उरांव, जलील अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिकार के लिए अपनी शक्ति को पहचानें महिलाएं : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को नालसा द्वारा संचालित एनसीडब्ल्यूह्र द्वारा विधान से समाधान विषय पर मुरहू प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि जब तक महिलाएं जागरूक होकर अपने हक के लिए आगे नहीं बढ़ेंगी, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। आज समाज में ज्यादातर हिंसा महिलाओं के साथ होती है, क्योंकि उन्हें कमजोर समझा जाता है। इसलिए महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। महिलाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, जिससे आनेवाले पीढ़ी मजबूत हो। रिसोर्स पर्सन रूबी कुमारी और प्रीतिवंती मेरी ने महिलाओं से जुड़े कानूनी अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और पोक्सो एक्ट के बारे में बताया। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय मुरहू में 90 दिवसीय जागरूकता और आउटरीच अभियान कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम लगातार 90 दिनों तक लगातार चलेगा। यह अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य भर में जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियों में तेजी लाना है। इसके तहत झारखंड के सभी गांवो और कस्बों तक कानूनी जागरूकता की पहुंच बनायी जायेगी तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा सके।

# राजनीतिक कार्यों से फुर्सत मिलते ही खेती बारी में लग जाते हैं विधायक सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** कहा जाता है कि पद, सम्मान और पैसे पाकर लोग अपने पुराने दिनों को भूल जाते हैं और पुश्तैनी पेशे से भी दूर होते हैं, यहां तक कि लोग अपने गांव तक की भी सुधि नहीं लेते, पर कुछ ऐसे भी हैं, जो पद-प्रतिष्ठा पाकर भी नहीं बदलते। विधायक बनने के बाद भी सुदीप गुड़िया ने अपने पुश्तैनी पेशे से विमुख नहीं हए है। ऐसे ही एक इंसान हैं तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया। सुदीप गुड़िया काफी गरीब परिवार से आते हैं। एक समय था कि दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर पाना भी परिवार के लिए कठिन था। परिवार का पुश्तैनी पेशा खेती-बारी करना है। आज भी विधायक के परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन कृषि है। उनके पिता लुकस गुड़िया के साथ सुदीप गुड़िया भी खेतों में काम करते थे। तोरपा विधानसभा क्षेत्र से प्रचंड जीत के साथ विधायक चुने जाने के बाद पहली बार जब उनके गांव तपकारा अंबाटोली पहुंचने पर विधायक सुदीप गुड़िया को अपने खेत में काम करते देख सुखद आश्चर्य हुआ। बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि वे गांव में खेती और मवेशियों के बीच ही उनकका जीवन गुजरा है। पूरा परिवार खेती पर ही आश्रित है। ऐसे में इसको कैसे छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब भी राजनीतिक कार्यों से फर्सत मिलती है, वे खेतों में काम करने के लिए चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि वे कृषक परिवार से आते हैं, इसलिए किसानो के दर्द को समझते हैं। उनका प्रयास होगा कि किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिले। विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने चुनावी कार्यक्रमों में कहा भी था और हेमंत सरकार का संकलप भी है किसानों का सर्वांगीण विकास। उन्होंने कहा कि खेती में बचपन से ही उनकी रुचि रही है और हमेशा इसको बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।

## 'न हिंसा करेंगे न हिंसा सहेंगे' थाना कर्मियों को लैंगिक हिंसा के विरुद्ध दिलवाया गया शपथ



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहतू थाना परिसर में लैंगिक हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान नयी चेतना 3.0 कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आयोजित किया गया। समूह से जुड़ी दीदियों के नेतृत्व में जेंडर आधारित हिंसा विषय पर 'न हिंसा करेंगे न हिंसा सहेंगे' का शपथ सभी थाना कर्मियों को दिलवाया गया। थाना से राकेश ने कहा कि कुछ माता-पिता बेटियों को बोझ समझते है लेकिन सच यह है कि बेटियों के बिना वंश आगे नहीं बढ़ता है, आज बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता, राज्य और देश का मान बढ़ा रही है। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस द्वारा नवंबर से दिसंबर नयी चेतना 3.0 कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का धन्यवाद करते हुए भ्रूण हत्या रोकने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। मौके पर जेएसएलपीएस कर्मी, ललित चंद्र महतो, लतिका देवी, समैया लकड़ा, लखिंद्र मुंडा, जेंडर सीआरपी संगीता, चंपा देवी, हरेश्वरी देवी, बिंदु देवी, कुमारी शांति, रातिक देवी, जयंती देवी आदि उपस्थित थी।

## डीटीओ ने ओवरलोड के खिलाफ चलाया अभियान, दो हाइवा और एक ट्रक जब्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर टीकर थाना के पास जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच अभियान में तीन वाहनों को जब्त किया गया। वाहनों में दो बालू लदे हाइबा व एक ट्रक को जब्त किया गया। वाहन जांच में परमीट, चालान आदि का जांच किया गया। ओवर लोड पर कारवाई करते तीन वाहनों को जप्त किया गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने बताया कि वाहन जांच अभियान के क्रम में चालान के अनुसार अधिक लोड प्रतित होने पर तीन वाहनों को जप्त कर ईचागढ़ थाना को सौंपा गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई किया जायेगा। बताया जा रहा है कि दिन और रात को भी 4 सौ सीएफटी का चालान पर 6 से 7 सीएफटी बालू ले जाया जाता है। बताया जा रहा है कि एक चालान पर दो से तीन बार बालू ले जाया जाता है। बालू हाइबा के ऊपर तक लोड रहता है। लगातार खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाए जाने के बाद भी ओवर लोड व एक चालान पर एक से अधिक बार चल रहे बालू का करोबार जारी है।

## 13 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण के साथ मोतियाबिंद का किया गया ऑपरेशन




बुंडू (आजाद सिपाही)। बिरसा आई हॉस्पिटल सीताराम कांप्लेक्स बुंडू में रविवार को 13 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण के साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। सभी मरीजों को मंगलवार को डॉक्टर रेखा सिंह के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। विदित हो कि डॉक्टर रेखा सिंह जाने-माने वकील सह समाजसेवी फतु बाबू की पुत्री है, जो तमाड़ बुंडू क्षेत्र में सामाजिक कार्य में हमेशा ही आगे रहती हैं। पिछले वर्ष मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था और कंबल वितरण की व्यवस्था की गयी थी।

## बुंडू में धान खरीद केंद्र का हुआ उद्घाटन

बुंडू (आजाद सिपाही)। सरकार द्वारा किसानों की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीद केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को बुंडू विधायक प्रतिनिधि और बुंडू प्रखंड प्रमुख के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर बुंडू विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों से 23 रु और 1 रु बोनस सहित 24 रुपया में धान क्रय किया जा रहा है इसलिए किसान दलालों से बचकर सीधे लैंपस में धान विक्रय करें। मौके पर गुला महतो, दीपक महतो, संजय सिंह और उदय लोहरा मौजूद थे।

## मुरी-उरंगढ़ा नदी रेलवे पुल के नीचे से शव बरामद

मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी ओपी ने उरंगढा नदी रेलवे पुल के नीचे से सोमवार को सुबह शव बरामद किया। शिनाख्त में मृतक का नाम प्रदीप राम उम्र 54 वर्ष पिता पितांबर राम ग्राम + पोस्ट कामडारा थाना कामडारा के है। पुलिस सुत्रों से वह व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ साहिबगंज से रांची ट्रैन से जा रहा था, व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, रांची जाने के क्रम में ही मुरी उड़नगढ़ा पुल के पास ट्रैन से नीचे गिरने से व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है।

## बारेंदा पचायत में व्यक्ति का शव खेत में मिला

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी कल्याणटांड गांव के समीप खेत में पड़ा 35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव के पास पेंट के पॉकेट में मिली आधारकार्ड से व्यक्ति की पहचान पुरुलिया जिले के झालदा थाना अंतर्गत पुस्ती अंचल के बरटांड निवासी सुभाष चंद्र महतो के रूप में हुआ है। ग्रामीणों ने मंगलवार दिन के 2 बजे खेत में पड़ा शव को देखा तो तत्काल थाना को सूचित किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई गौतम रजवार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टि में हत्या की आशंका जतायी जा रही है मामला से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। पुलिस घटना को लेकर जांच में जुट गयी है।

## अपराधियों-नक्सलियों की जानकारी पुलिस को दें : पीआर पांडेय

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन ने थाना क्षेत्र की महिलाओं का आह्वान किया कि वे किसी भी हालत में कानून को अपने हाथों में न लें। किसी अपराधी, उग्रवादी या नक्सली की सूचना पूलिस को दें। पुलिस ऐसे तत्वों से कड़ाई से निपटेगी। थाना प्रभारी शनिवार को तोरपा थाना क्षेत्र की महिला समिति सदस्यों के बीच जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रभात रंजन पांडेय ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदडी थाना के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा अपराधियों और उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसी घटना में शामिल नहीं होने का आग्रह किया। उन्होंने उग्रवादी, अपराधी और नक्सलियों की जानकारी होने या पकड़े जाने पर थाना या वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने का अनुरोध किया। उन्होंने अफीम की अवैध खेती नहीं करने, डायन बिसाही, मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा आदि के बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया।

## तोरपा में करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी गांव में बिजली का करंट लगने से शनिवार को मथुरा मुंडा (25 वर्ष) की मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार मथुरा बिजली मिस्त्री का काम करता था। घटना के वक्त वह बिजली का काम करने ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने के लिए विद्युत के खंभे पर चढ़ा था। उसी दौराने 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया। बिजली तार के संपर्क में आने से उसका पूरा शरीर जल गया। घटना की सूचना पाकर तोरपा थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनो को सौंप दिया।

## धान खरीद केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। ठाकुरगांव लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन कांके के लोकप्रिय विधायक सुरेश बैठा ने फीता काटकर किया। इस दौरान श्री बैठा ने कहा कि किसानों को धान फसल में किसी तरह का नुकसान ना हो इसको देखते हुए 23 रुपया प्रति किलो और 1 बोनस यानी 24 प्रति किलो धान का दाम देने का निर्णय लिया है। इस दौरान अपनी बात रखते हुए किसानों को सचेत किया कि दलालों से सावधान रहे और अपना धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही लाकर बेचे। कार्यक्रम में झामुमो नेता शमीम बड़ेहार,बबलू उरांव,गोपाल तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार, अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, लैंपस अध्यक्ष बिगन मुंडा, मोहित खान,गंगा प्रसाद, जाकिर हुसैन, इदरीस अंसारी, राजू उरांव, गुड़गाई मुखिया जयंती देवी, ठाकुर गांव मुखिया सचित पाहन आदि उपस्थित थे।

## सात परिवारों को दी गयी सहायता राशि



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी अंचल कार्यालय में मंगलवार को नगड़ी प्रखंड उतरी टुंडूल क्षेत्र के मुड़मा नयासराय के सात वैसे परिवार जिनका घर डीवीसी (भारत सरकार) कार्यालय के निर्माण के कारण टूट रहा है वैसे गरीब परिवारों के लिए डीवीसी के अधिकारीयों और अंचल अधिकारी नगड़ी राजेश कुमार से वार्ता कर सहायता राशि के रूप में प्रति परिवार मकान के लिए 300000 रुपये एवं नलकूप के लिए 50000 रुपये के साथ ही कुआं के लिए 10000 रुपये की राशि हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव महासचिव कलाम आजाद और सचिव अनिल महतो के पहल पर डीवीसी भारत सरकार के द्वारा भुगतान किया गया।

## प्रखंड कार्यालय के पास सूखे लिप्टस पेड़ को प्रशासन ने कटवाया, लोगों ने राहत की सांस ली

बेड़ो (आजाद सिपाही)। लोहरदगा सड़क के किनारे प्रखंड कार्यालय व पेयजलापूर्ति विभाग के समीप एक विशालकाय सूखे व तेजी से संभावित दुर्घटना को आमंत्रण देनेवाला जानलेवा लिप्टस पेड़ को मंगलवार को अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की देखरेख में कटवा दिया गया। वहीं पेयजलापूर्ति व विभाग प्रखंड कार्यालय के सामने के दुकानदारों ने राहत का सांस लिया है। राहगीरों में भी खुशी व्याप्त है। ज्ञात हो कि यहां पर कई दुकान, ऑटो स्टैंड है। जहां दर्जनों लोगों का आवागमन साइकिल व बाइक से लगा रहता है। इधर तेज आंधी व तूफान में इसके गिरने का डर हमेशा बना रहता था। साथ ही आस पास के घरवालों को इस बात का भय था कि इस वृक्ष के गिरने से कभी भी जानमाल की हानि हो सकती है। ऐसे में उस मार्ग से लोग डरे सहमे पार होते थे। कई बार तो पेड़ के कई डालियां भी गिर चुकी थीं। हालांकि इसकी चपेट में कोई नहीं आया, लेकिन लोगों को अपने जान पर संभावित खतरा मंडराने का भय सता रहा था। लिप्टस पेड़ के कट जाने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लोग इस पेड़ के कटने से राहत की सांस ले रहे हैं। वहीं मौके पर सीओ प्रताप मिंज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, पिंकु लाल खन्ना, शशि लाल खन्ना, शंकर लाल खन्ना, बोनिफास तिर्की, पंकज कुमार व मनोरंजन देवघरिया समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नवचयनित पीएलवी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झालसा के निर्देश तथा माननीय न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के डालसा हॉल में आयोजित नव चयनित 10 पीएलवी का प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसीएस डिप्टी कविता खाती, एलएडीसी सहायक वीरेंद्र प्रताप, सौरभ पांडे, शिवानी सिंह, नव चयनित पीएलवी समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि आज प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम दिन है। आप सभी ने पुरी लगन और निष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर आप सभी जरूरतमंदों और गरीबों को सहायता पहुंचाने का कार्य करेंगे। एलएडीसी चीफ प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि आप सबों का दायित्व है लोगों की सेवा करना। जहां भी नियुक्ति हो चाहे वह प्रखंड हो या अस्पताल, सभी का कार्य जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाना है। एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पांच दिनों में आपने बहुत कुछ सीखा है। आगे क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें तथा उनके समस्याओं को डालसा कार्यालय में लाएं। ताकी उन्हें सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कोई नौकरी नहीं बल्कि एक सेवा है। प्रशिक्षण लेने वालों में शिक्षक निशित कुमार साह, शहजाद खान, बुधमनी उरांव, डॉ सुपर्णा प्रसाद, रविंद्र कुमार सिंह, भूतपूर्व सैनिक अरुणदीप ठाकुर, रविंद्र कुमार सिंह, ट्रांसजेंडर बेलाल अंसारी उर्फ माही, विश्वजीत रंजन, सुमीरा उर्फ सुमीरा, जन्नत सिंह आदि शामिल थे।

### भाजपा चान्हो और बीजूपाड़ा मंडल की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न

# चुनाव हारे हैं, हिम्मत नहीं : सन्नी टोप्पो

फिर से दुगुनी मजबूती के साथ क्षेत्र की जनता के साथ रहूंगा, क्षेत्र की जनता को न्याय दिलाने के लिए आवाज को बुलंद करता रहूंगा उनके साथ हमेशा खड़ा रहूंगाः सन्नी टोप्पो



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** विधानसभा चुनाव के बाद के बाद मंगलवार को चान्हो प्रखंड का समीक्षा बैठक कटैया में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने हिस्सा लिया, और सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। सभी ने अपनी बातों को उनके समक्ष रखा और कहा कि कमी रह गयी, कड़ी रणनीति के साथ मेहनत करना था। बूथ अध्यक्षों ने अपना-अपना विचार रखा। सभी विषयों को सुनने के बाद सन्नी टोप्पो ने अपनी बात रखते हुए सबका आभार जताया। सभी कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की तब जाकर हमलोग इतना वोट लिए हार जीत अलग बात है, लेकिन सभी के मेहनत से हमारा वोट की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई हम हार कर भी जीते है। इसलिए किसी भी कार्यकताओं को हताश नहीं होना है, हम विपक्ष की भूमिका पुड़जोर निभायेंगे और दोगुनी मजबूती से साथ मैदान में उतरकर जनता की समस्याएं भी सुनेंगे। भाजपा के आलाकमान को भी साधुवाद उन्होंने मुझपर इतना प्यार और विश्वास दिखाया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा सिंह, दोनों मंडल के अध्यक्ष महामंत्री मंच मोर्चा के अध्यक्षों के साथ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष महिला मोर्चा, बूथ प्रभारी, संयोजक शामिल रहे।

## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू की छात्राओं ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए करमटोली चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्कूल के इको क्लब के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसकी प्रभारी शिक्षिकाएं स्वेता सिंह और शमा परवीन थी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने जल है तो कल है का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया। नाटक में जल की एक-एक बूंद के महत्व को प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही छात्राओं ने करमटोली तालाब की सफाई की और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालय परिसर से करमटोली तालाब तक एक मार्च भी निकाला। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार ने कहा कि इको क्लब पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 5 जून अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से अब तक इको क्लब के माध्यम से एक हजार से अधिक फलदार, छायादार और फूलदार पौधे विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगाये गये है। वैज्ञानिक जल प्रबंधन के तहत पाइपलाइन बिछाकर बूंद-बूंद सिंचाई की व्यवस्था की गयी है, ताकि पानी की बबार्दी रोकी जा सके। नाली और बेसिन के पानी को भी पुनः उपयोग में लाने के उपाय किए जा रहे हैं।

## जोन्हा फॉल घूमने गये युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची-पुरुलिया मार्ग पर सिंगासराय अनगड़ा के समीप मंगलवार की शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में तिरिलकोचा कोकर रांची निवासी पप्पू मालाकार (28) की घटनास्थल पर हीं मौत हो गयी। बताया गया कि पप्पू मालाकार सबेरे अपने 11 वर्षीय साले को बैटरी चालित ऑटो में जोन्हा फॉल घुमाने लाया था। शाम को जोन्हा फॉल से वापस रांची लौटने के क्रम में सिंगासराय के पास आटो असंतुलित होकर गड्ढे में जा गिरा। जिससे मौके पर ही पप्पू की मौत हो गई जबकि उसका साला बाल बाल बच गया। सूचना मिलने पर अनगड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## क्षेत्रीय नृत्य महोत्सव सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालयी जनजातीय और क्षेत्रीय नृत्य महोत्सव सह प्रदर्शनी और संगोष्ठी का दो दिवसीय भव्य आयोजन मंगलवार को पांच परगना किसान कॉलेज, बुंडू में किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोनिका रानी टुटी (उप निदेशक, जनजातीय शोध अनुसंधान संस्थान, रांची) ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय नृत्य हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। ऐसे आयोजनों से न केवल युवा पीढ़ी में अपनी परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जागृत होती है, बल्कि यह हमारे समाज को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने का भी एक सशक्त माध्यम है। विषय प्रवेश और स्वागत भाषण डॉ बिनीता कुमारी, प्राचार्य, पीपीके कॉलेज, ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार मुंडारी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद सिल्ली कॉलेज, बिरसा कॉलेज खूंटी, गोस्नर कॉलेज, जनजातीय भाषा स्नातकोत्तर विभाग से मुंडारी एवं कुड़ुख विभाग सभी ने अपनी पारंपरिक और भावभीनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। महोत्सव में झारखंड के पारंपरिक परिधान, शिल्पकला, खाद्यान्न और वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसमें जनजातीय जीवनशैली और उनके रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली। पहले दिन के कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों में प्रो. मुकुल कुमार (पूर्व प्राचार्य, पीपीके कॉलेज), प्रो हंस कुमार, प्रो भूतनाथ प्रमाणिक तथा पीपीके कॉलेज के तमाम विद्वान सहायक प्राध्यापक और विभिन्न महाविद्यालयों से आये प्रोफेसर व छात्र छात्राएं शामिल थे। निर्णायक मंडल में जुरा होरो, अरुण कुमार तिग्गा और कॉर्निलियस मिंज शामिल थे। कार्यक्रम के अगले दिन बचे हुए कॉलेजों की प्रस्तुति के उपरांत जनजातीय विषय पर राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त विद्वानों की संगोष्ठी और पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

## बेड़ो की जमनी पंडरा गांव जानेवाली सड़क बदहाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचयात के बैरटोली गांव से जमनी पंडरा गांव तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। इससे वहां की बड़ी आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पथ कई गांवों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य संपर्क पथ है। इसके बावजूद कई वर्षों से यह पथ उपेक्षित पड़ा हुआ है। सड़क की कुल लंबाई लगभग पांच किमी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं और गिट्टी निकली हुई है। सड़क की खस्ताहाल को देखते हुए लोगों ने अब इस सड़क से आना-जाना छोड़ दिया हैं। जबकि बहुत बड़ी आबादी इस सड़क पर निर्भर है। अनाज व सब्जी उत्पादन कर बेड़ो सब्जी मंडी व बाजार पहुंचाना,बच्चों का स्कूल आना-जाना, रोगियों को सीएचसी ले जाने में ग्रामीणों को इन दिनों बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण सड़क पर चलना दूभर हो गया है। सड़क की गिट्टियां उखड़ कर बिखर गयी हैं। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क बनवाने की मांग की गयी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। खराब सड़क होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन इसकी एक बार भी मरम्मत नहीं करायी गयी है।

## मंत्री का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



मांडर (आजाद सिपाही)। युवा प्रखंड अध्यक्ष शमसुल शेख के नेतृत्व में ब्रांबे चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत किया और उन्हें बधाई और शुभकामना दी। चुंकि मंत्री का मांडर प्रखंड का यह पहला दौरा था, इसलिए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शमीम अख्तर पुर्व मुखिया जयवंत तिग्गा,मोईन अंसारी, प्रकार तिग्गा,सालिस अंसारी, आफताब आलम, फिरोज अंसारी, जुलियस तिग्गा, अब्दुल गफ्फार, महादेव तिग्गा, सिद्दीक अंसारी,सारिब मलिक, के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रातू के वार्ड सदस्यों ने डीसी को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र



रातू (आजाद सिपाही)। रातू प्रखंड उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य संघ ने सोमवार को राँची डीसी मंजूनाथ भजंत्री व डीसीसी से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा व तत्काल मांगे पूरा करने की मांग की। ज्ञापन में सरकारी योजनाओं में वार्ड सदस्यों व उप मुखिया की हस्ताक्षर की अनिवार्यता सुनिश्चित करने, योजनाओ के चयन में भागीदारी, ग्राम सभा को सशक्त बनाने, नियमित रूप से बैठक का आयोजन करने, वार्ड सदस्यों तथा उप मुखियाओं को उचित सम्मान देने, प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठकों में आमंत्रित करने व योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को देने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप उरांव, सचिव दिनेश तिग्गा,उमेश कुमार सिंह, जीरू नगड़ूवार, ममता देवी, शिल्पा तिर्की, फुलमनी तिर्की,बंधु महतो, फिरदौस अंसारी, आजाद अंसारी , सविता उराँव,नुरू नगरवार, शीतल खलखो, सुमन देवी के अलावा दर्जनो वार्ड सदस्य व उप मुखिया शामिल थे।

## दो अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ओरमांझी पुलिस ने अपराध पर नियंत्रण करने के मनसुबे को जाहिर करते हुए अलग अलग घटना में संलिप्त दो अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहली घटना में अफीम तस्कर हंसपाल मुंडा, हुआंगहातु, नामकुम निवासी वहीं दुसरी घटना पोक्सो एक्ट के तहत नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में ओरमांझी प्रखंड के बरवे निवासी रमीज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि मेरे थाना क्षेत्र में अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे।

## सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई बैठक

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बरवे पंचायत सचिवालय मे मनरेगा और अन्य योजना से संबंधित सामाजिक अंकेक्षण का जनसुनवाई का बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान और जुरी सदस्य रमेश उरांव के द्वारा की गयी। जिसमें कई योजनाओं में भारी गड़बड़ी पाया गया। जिस कारण उपस्थित अंकेक्षण दल के पदाधिकारी ने पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और अन्य अधिकारियों को डांट फटकार लगाया।

## अभियान चला कर बाल-विवाह प्रथा और डायन प्रथा को रोकने का दिया गया संदेश



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगडी थाना परिसर में मंगलवार को जेंडर-सीआरपी के द्वारा जेंडर कैंपेन के तहत जेंडर भेदभाव को दूर करने के लिए रंगोली और शपथ कराया गया। शपथ के द्वारा घरेलु हिंसा, बाल-विवाह प्रथा डायन प्रथा दूर और रोकने का संदेश दिया गया, जिसमें लिंग हिंसां आधारित खिलाफ यह अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया रहा है। अभियान को नगड़ी के प्रत्येक गाव स्कूल, सार्वजनिक जगहों में किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य के महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाले हिंसा के प्रति जागरूक करना एवं रोकना है। इस कार्यक्रम में नगडी थाना के प्रभार शुभम कुमार सिंह, एस आई शुभम कुमार, संजय सिंह, मुंशी अमीत कुमार जेएसएलपी एस प्रखंड प्रबंधक सुखदेव लोहरा सी सी संतोष कुमार शांता खलखो रीतू गाडी मीना देवी, वीणा देवी जानकी देवी, विलाशी तिर्की, समाजसेवी बजरंग महतो अहम योगदान है।

## दिल्ली के जंतर-मंतर से शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख ने हिंदू राष्ट्र का आवाह्न किया

आजाद सिपाही संवादाता



दिल्ली के जंतर मंतर में शिवसेना झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह को सम्मानित करते हुए।

**रांची।** दिल्ली के जंतर मंतर में मंगलवार को शिवसेना दिल्ली और छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से आयोजित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह और उप राज्य प्रमुख संदीप मुखर्जी समेत रांची जिला प्रमुख रौनित कुमार, रौनक सिंह, चंदन पांडेय रितेश सिंह समेत कई झारखंड के शिवसैनिक शामिल हुए।

इस दौरान झारखंड प्रदेश शिवसेना का नेतृत्व करते हुए झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने दिल्ली के जंतर मंतर से हिंदू राष्ट्र के निर्माण के लिए हिंदुओं को एकजुट होकर आगे आने का आवाह्न किया।

वही संदीप मुखर्जी ने कहा कि अब मैं से काम नहीं चलेगा, यहां तो अब हम से काम चलेगा। क्योंकि यहां हम सब मिलकर हिंदू राष्ट्र का सपना पूरा कर सकते हैं। इसके अलावा झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज और बालासाहेब ठाकरे के इस देश को अब हिंदू राष्ट्र बनने में देरी क्यों है? उन्होंने कहा कि सभी समुदायों का अपने धर्म के साथ राष्ट्र है तो हम हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र कैसे नहीं बना सकते हैं। उन्होंने सभी सनातनियों को हिंदू राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। धरना प्रदर्शन में छत्तीसगढ़, दिल्ली, युपी, बंगाल, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आसाम समेत कई प्रदेश के प्रदेश प्रमुख व शिवसैनिक पदाधिकारी शामिल हुए।

## आवासीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यशाला शुरू

आजाद सिपाही संवादादता



**नामकुम।** सीआरसी रांची और आरसीआई नयी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय आवासीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यह कार्यक्रम सदाबहार चौक स्थित होटल रेवल पैलेस में आयोजित किया गया है, जो 21 दिसंबर तक चलेगा। कार्यशाला का उद्घाटन राज्य निःशक्तता आयुक्त अभय नंदन अंबष्ठ आईएएस ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षा प्रणाली के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है ताकि शिक्षकों को वर्तमान समय में हो रहे शैक्षिक बदलावों से अवगत कराया जा सके। साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही दिव्यांग योजनाओं की जानकारी साझा की और कहा कि इन योजनाओं की जानकारी सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचनी चाहिए। सीआरसी के निदेशक सूर्य मणि प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाने और अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में यह कार्यशाला अहम भूमिका निभायेगी। कहा कि इस कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए 65 विशेष शिक्षक भाग ले रहे है, जो दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत है। यह कार्यक्रम आरसीआई नयी दिल्ली द्वारा प्रायोजित है और पहली बार झारखंड में आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा नीतियां, नियम, अधिनियम, अभिगम्यता, सीखने का सार्वभौमिक डिजाइन, अनुसंधान, दिव्यांग जनों के लिए उच्च शिक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय, सीआईपी, एमिटी विश्वविद्यालय और अन्य प्रमुख संस्थानों के प्रोफेसरों द्वारा इन सत्रों का संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रीति तिवारी और सहायक प्राध्यापक, सीआरसी मुकेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों ने इसे दिव्यांगता क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक दक्षता और कौशल को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

## बेगनरियां गांव के खलिहान में लगी आग, सौ मन धान जलकर राख

टुण्डी (आजाद सिपाही)। टुण्डी पहाड़ के तलहटी में बसे बेगनरियां गांव के किसान बानेश्वर मुर्मू के खलिहान में सोमवार अहले सुबह अचानक आग लग गई जिससे करीब एक सौ मन धान जलने का समाचार प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही किसान बानेश्वर मुर्मू द्वारा कड़ी मेहनत कर अपने खेती किसानी कर अपने धान को खलिहान में रखा गया था। आश्चर्य जनक बात है कि बगल में ही उसका घर भी है घर परिवारों का कहना है कि किसी ने जानबूझकर खलिहान में आग लगा दिया। अचानक बिचाली से धुआं निकलते देख घर परिवारों द्वारा हो हल्ला मचाया गया तब पड़ोसियों द्वारा कुआं के पानी के सहारे आग पर काबू पाया गया तब तक सब धान जलकर स्वाहा हो चुका था। करीब एक सौ मन धान जलने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसका कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गयी है फिलहाल इस बड़ी घटना से पूरा परिवार दुखित में है।

# शिलान्यास करने पहुंचे वित्त मंत्री, कच्ची सड़क को पक्की बनाने का किया वादा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर मंगलवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत के झरीनिमिया गांव में धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच जनजाति समाज के संस्कृति को संरक्षित करना है। इस भवन में आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को समेट कर रखा जायेगा। आदिवासी समुदाय धुमकुड़िया में ही बैठकर सभी संस्कार तय किये जाते हैं,तथा उन पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किए जाते है। धुमकुड़िया की परंपरा और संस्कृति को अक्षुण्ण रखना हमसभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिस रास्ते से हम यहां पहुंचे हैं, इस कच्चे रास्ते को पक्का सड़क में बहुत जल्द तब्दील कर दिया जायेगा। इसके बाद वे नौडीहा पंचायत सचिवालय पहुंचकर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के अस्तित्व में आने से यहां के गांवों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं को सुदृढ़ किया जायेगा।

**कार्यालय परिसर में ओपन जिम का उद्घटान, ऊर्जा स्तंभ सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास**

मंगलवार को मंत्री श्री किशोर पाटन के ब्लॉक कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास व उद्घटान कार्यक्रम में भाग लिये। इस दौरान वे सर्वप्रथम ऊर्जा स्तंभ एवं ओपन जिम का उद्घाटन किया। वहीं साईकल स्टैंड सह पार्किंग शेड, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी का शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में उन्होंने लीनियर प्लांटेशन के तहत वृक्षारोपण भी किया।वहीं कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र,कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 42 समूह के बीच एक करोड़ 26 लाख रुपये का ऋण वितरण किया।इसके अलावे 20 से अधिक लाभुकों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया।वहीं बच्चियों के बीच साईकल का वितरण भी किया गया।इसके पूर्व प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री,उप विकास आयुक्त व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अलावे पाटन मोड़ से लेकर प्रखण्ड कार्यालय तक के रास्ते में जगह-जगह माननीय मंत्री का आमजनों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन वीएलडब्लू आलोक कुमार पांडेय ने किया।

**ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर मंत्री ने विभाग के जीएम को किया फोन**

प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रखंड परिसर में किये गये कार्यों को अद्भुत,अविश्वसनीय और अकल्पनीय बताया। उन्होंने कहा कि पाटन अंचल में जमीन से जुड़ी समस्याओं को कार्ययोजना बनाकर निष्पादित किया जायेगा। सरकार की योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने में हमसभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में पाटन बीडीओ ने मंत्री श्री किशोर से ब्लॉक परिसर में ट्रांसफॉर्मर लगाने की आवश्यकता बतायी ताकि सिलाई मशीन के जरिये स्थानीय महिलाओं को रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। इसपर माननीय मंत्री ने कार्यक्रम से ही ऑनस्पॉट विभाग के जीएम को फोन कर 15 दिनों के भीतर 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर निर्देशित किया।

**मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से सरकार को कोई आर्थिक क्षति नहीं: मंत्री**

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से सरकार को कोई आर्थिक क्षति नहीं होने जा रही है।सरकार सभी माताएं एवं बहनों को उनके खाते में राशि भेजने को लेकर संकल्पित है।

## टेंपो हड़ताल समाप्त कराने में मंत्री का फैसला स्वागत योग : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कई दिनों से चल रहा टेंपो हड़ताल समाप्त करने हेतु पदाधिकारी को निर्देश देने के लिए मंत्री राधा कृष्ण किशोर के फैसले का मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं चेंबर सदस्यों ने स्वागत किया है। अरुणा शंकर ने बताया इस हड़ताल से जहां ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी वही सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे थे। साथ ही शहरी क्षेत्र में भी कई तरह के आवागमन में दिक्कत आ रही थी। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन टेंपो चालकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर में कई जगह निगम द्वारा वाहन स्टैंड के नाम पर ठेका कर दिया गया है फलस्वरुप हर जगह रंगदारी की तरह पैसा वसूली जा रही है। निगम एक माहवारी शुल्क तय करें ताकि वाहन मालिकों को रंगदारी शुल्क का सामना न करना पड़े।

## मिशन समृद्धि संस्था ने संचालित की समृद्धि की रोटी अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** समृद्धि टीम अपने कार्यो के लिए बेमिसाल है। मौसम का अनुकूल या प्रतिकूल प्रभाव इन पर हावी नहीं होता। अब तो यह भी साबित हो गया है कि आवागमन की सुविधा नहीं होने पर भी मिशन समृद्धि के सदस्य भोजन वितरण करने में पीछे नहीं रही। इस कार्य को पूरा करने में सदस्यों के साथ साथ रोटी देने वाले परिवार का योगदान भी हमेशा सराहनीय रहता है। बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, वीणा, राज,आशा शर्मा, बेबी पाण्डेय,ममता अन्य का धन्यवाद। टैंपो हड़ताल होने से लोगों को कठिनाई बढ़ती जा रही है। टैम्पो चालकों के हित में और नागरिकों की दिक्कतें को देखते हुए प्रशासन को इसका निदान जल्द निकालना चाहिए।

## वीडी राम ने भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने की मांग को लोस में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोशन के तहत अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने का निर्णय केन्द्र सरकार के द्वारा लिया जा चुका है एवं राज्य सरकार को सूचित भी किया जा चुका है। परन्तु दुर्भाग्यवश राज्य सरकार पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित न कर बोकारो में स्थापित कराना चाहती है, परन्तु ध्यान देने योग्य बात यह है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है 1180 हेक्टेयर वह बोकारो स्थित जमीन करीब 700 हेक्टेयर से कहीं ज्यादा है जो भविष्य में यदि इस आइएमसी का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो सके। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार से मॉग करता हूॅ कि गढ़वा जिला के भवनाथपुर में आइएमसी स्थापित करने से संबंधित निदेश राज्य सरकार को देने की कृपा की जाये।

## नीजी स्कूल के बच्चे निजी वाहन में भूसे की तरह भरकर बच्चों का कर रहें परिवहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ पलामू।** स्कूल संचालकों की लापरवाही व चंद पैसे के लालच में चैनपुर में ज्यादातर स्कूली बच्चों को जान हथेली पर रखकर स्कूल का सफर तय करना पड़ रहा है। जिन वाहनों को स्कूल बस के रूप में प्रयोग किया जाता है, उनमें से ज्यादातर तय मानकों को पूरा ही नही करते। कहीं पर आटो तो कहीं पर वैन जैसे वाहनों को स्कूल वाहन के तौर पर प्रयोग किया जाता है। इन वाहनों में बच्चों को ठूंस ठूंसकर भरा जाता है। वाहनों में सफर कर रहे बच्चों के हाथ पांव बाहर ही लटकते रहते हैं, जिससे हादसे होने की आशंका रहती है। दरअसल,ऐसा ही मंजर देखने को चैनपुर अस्पताल चौक स्थित गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल के प्रबंध निर्देशक द्वारा स्कूली बच्चे को क्षमता से अधिक वाहनों पर बैठकर ले जाने लाने का प्रक्रिया प्रतिदिन जारी हैं जबकि नियमानुसार वाहन के सीट से अधिक बच्चों की संख्या नहीं होनी चाहिए लेकिन सरकार की नियम कानून को ताक पर रखते हुए गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल के संचालक द्वारा मनमानी तरीके से स्कूल संचालित किया जा रहा हैं। जहां एक तरफ चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक दिन ऐसी घटना घटने के बाद भी जनपद में जरा भी फर्क नजर नहीं आ रहा। स्कूली टेम्पो पर बच्चों से इतने भरे हुए होते हैं कि चालक को हैंडल तक मोड़ने में दिक्कत होती है। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूली टेम्पो दौड़ रहीं हैं लेकिन फिर भी अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। पंजीकृत वाहनों के अलावा अपंजीकृत वाहन भी सड़कों पर दौड़कर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एसडीओ ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद एसडीओ सह आइएएस कृष्णकांत कनवड़िया ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने प्रसूति कक्ष, महिला वार्ड, शिशु कक्ष आदि की मौजूदा स्थिति का अवलोकन किया। डिजिटल एक्स रे की उपलब्ध सेवा की जानकारी ली। इसके साथ-साथ मरीजों के लिए दवा उपलब्धता की जानकारी ली। ऑन ड्यूटी चिकित्सको ने स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर सुविधा देने समेत कई निर्देश दिया। साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए हीटर और ब्लैंकेट आदि व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि दो दिनों के अंदर संभव सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य प्रबंध समिति के साथ बैठक कर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग से बातचीत कर मरीजों के लिए सोनोग्राफी की सुविधा की दिशा में पहल की जायेगी। मौके पर डॉ आकाश कुमार, डॉ शशिभूषण, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार आदि समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने मंत्री के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर डीएसओ और डीसीओ से स्पष्टीकरण मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिंहा एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह स्पष्टीकरण मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य विभाग के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने के कारण किया गया है।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत जिले के सभी पैक्सों में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ किया जाना था। इस शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय सांसद, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित करते हुए उनकी मौजूदगी सुनिश्चित करने को लेकर पूर्व की बैठक में निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में शुभारंभ कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के तरफ से सभी बीडीओ व सीओ को पत्र भी लिखा गया था लेकिन 15 दिसंबर को वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य विभाग के मंत्री पाटन के किशुनपुर पैक्स में उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे तब जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा अनुपस्थित रहे, जिसके कारण कार्यक्रम में कठिनाई हुई। इसपर माननीय मंत्री के तरफ से आप प्रसन्नता जाहिर की गयी।

## पांडू में बीडीओ-सीओ नहीं, परेशान हैं लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांडू / पलामू।** पांडू एक ऐसा प्रखंड है जहां पर लगातार कई माह से बीडीओ एंव सीओ प्रभार में कार्य कर रहें है। नतीजतन पांडू प्रखंड के दस पंचायत का कार्य भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। विदित हो कि पांडू प्रखंड के तत्कालीन बीडीओ सह प्रभारी सीओ राहुल उरांव का तबादला हो गया था, तब से अबतक मोहम्मद गंज के बीडीओ रणबीर कुमार, पांडू में प्रभारी बीडीओ एंव सीओ के रूप में कार्य कर रहें है। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि रणबीर कुमार महोम्मद गंज के अलावे पांडू प्रखंड के लिए कितना समय दें पाते होंगे। उक्त सभी पदों पर प्रभार में रहने के कारण आम लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रभारी बीडीओ और सीओ भी बिच- बिच में समय देते है परंतु दो ब्लॉक का प्रभार देखने के कारण पांडू प्रखंड में जितना समय देना चाहिए नहीं दें पाते।

**पांडू प्रमुख नीतू सिंह ने कहा**

सरकार जल्द से जल्द पांडू प्रखंड में स्थायी बीडीओ और सीओ का पदस्थापना करें, क्योंकि दो ब्लॉक का प्रभार एक हीं व्यक्ति के पास होने के कारण सप्ताह में महज तीन दिन हीं समय पांडू के लिए दे पाते है जिससे जिसदिन नहीं आते उसदिन आम जनता को बिना काम कराये वापस लौटना पड़ता है।

**जिप सदस्य पांडू मिना देवी**

पांडू में जल्द स्थायी बीडीओ व सीओ का पदस्थापना करना चाहिए। दो जगह प्रभार होने के कारण प्रभारी बीडीओ द्वारा जितना समय पांडू में दिया जाना चाहिए उतना नहीं दें पाते। स्थायी बीडीओ मिलने से कार्य में तेजी आयेगी।

**जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष पांडू**

पांडू में तत्काल स्थायी बीडीओ-सीओ का पदस्थापना होना चाहिए। स्थायी बीडीओ एंव सीओ नहीं रहने से पांडू प्रखंड का कार्य काफी सुस्त पड़ गया है। स्थायी बीडीओ रहने से कार्य में गति आयेगी।

विधायक नरेश प्रसाद सिंह- इस विषय पर पदाधिकारियों से बात कर बहुत जल्द पहल किया जायेगा।




## न्यूजीलैंड ने जीत के साथ दी टिम साउथी को विदाई

एजेंसी



**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 423 रनों की बड़ी सफलता के साथ अपने दिग्गज खिलाड़ी टिम साउथी को जीत के साथ विदाई दी। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 347 रन बनाये, जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 143 रनों पर सिमट गयी। पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड को 204 रनों की बढ़त मिली। इसके बाद न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 453 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 657 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। 657 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन केवल 18 रन पर दो विकेट खो दिये थे। चौथे दिन की शुरूआत इंग्लैंड ने 18/2 पर अपनी पारी फिर से शुरू की। जैकब बेथेल और जो रूट ने बाउंड्री लगायी और तेजी से रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। 122 के कुल स्कोर पर सेंटनर ने रूट को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। रूट ने 54 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। 133 के कुल स्कोर पर हैरी ब्रुक (01) को विलियम ओ रुर्के ने पवेलियन भेजा। 166 के स्कोर पर टिम साउथी ने जैकब बेथेल की बेहतरीन पारी का अंत किये। बेथेल ने 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद इंग्लैंड के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 234 रनों पर सिमट गई और न्यूजीलैंड ने 423 रनों से मैच अपने नाम किया। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। मैट हेनरी और टिम साउथी ने 2-2 व विलियम ओ रुर्के ने 1 विकेट लिया। मिचेल सैंटनर को मैन ऑफ द मैच और हैरी ब्रुक को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

यह मैच थोड़ा भावनात्मक तब हो गया जब मैच के बाद साउथी ने स्टंप उखाड़ा और न्यूजीलैंड की टीम को वापस पवेलियन ले गये, मैदान पर मौजूद प्रशंसकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिवादन किया। बता दें कि टिम साउथी का यह आखिरी टेस्ट मैच था, उन्होंने पहले ही इस टेस्ट मैच के बाद संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी और इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम से मुलाकात की और दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट में इंडिया ने फॉलोऑन बचाया

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है। मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था। रवींद्र जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरूआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले।

समाहरणालय, कोडरमा
(जिला पर्यटन कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com
Expression of Interest (EOI)

कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ के समीप पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु Floating Jetty Project का विकास किया जाना है। इस निमित इच्छूक एजेन्सी से Expression of Interest (EOI) आमंत्रित की जाती है।
EOI का विवरण निम्नवत् है :–

| S.No | Information/ Subject | Details |
|---|---|---|
| 01 | Name of Work | Floating Jetty Project, Near Koderma Adventure Park, Telaiya Dam, Urwan in Chandwara Block, Koderma district. |
| 02 | Date of publication of EOI | 17-12-2024 |
| 03 | EOI Fee | DD Of Rs. 5000 in favour of District Tourism Officer, Koderma |
| 04 | Earnest Money | DD Of Rs 1,00,000 in favour of District Tourism Officer, Koderma |
| 05 | Last date & Time for BID submission | 30-12-2024 till 12:30 PM |
| 06 | BID submission place | District Collectorate, Koderma. |
| 07 | Date & Time for BID opening | 30-12-2024, 03:00 PM |
| 08 | Technical Solution Presentation & Evaluation | 30-12-2024, 03:00 PM |
| 09 | Opening of Financial Bids and finalevaluation | 30-12-2024, 03:00 PM |
| 10 | BID opening place | District Collectorate Meeting Hall, Koderma. |

नोट– निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें सहित अन्य विस्तृत सूचना कोडरमा जिला के वेबसाईट www.Koderma.nic.in. पर देखा जा सकता है।
PR 342179 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)D
ह0/–
जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा।

## संबलपुर मंडल रेल प्रबंधक ने दो लोको पायलट को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** रामनारायण पति, लोको पायलट (मालगाड़ी)/ टिटिलागढ़ और रिषभ पांडे, लोको पायलट (मालगाड़ी)/ टिटिलागढ़ को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, विनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन), संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## ओड़िशा विजिलेंस ने सेक्शन ऑफिसर रंजीत सदांगी को रिश्वत लेते पकड़ा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नबरंगपुर जिले के पापडाहांडी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुभाग अधिकारी रंजीत कुमार सदांगी को ओड़िशा सतर्कता विभाग ने 10,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए गिरफ्तार किया है। अनुभाग अधिकारी रंजीत कुमार सदांगी को शिकायतकर्ता, सेवानिवृत्त स्कूल प्रधानाध्यापक से बीइओ कार्यालय में रिश्वत लेते समय पकड़ा गया। शिकायतकर्ता से रिश्वत लेने का उद्देश्य उनके पेंशन संबंधी कागजातों को संसाधित करना था।

# पॉलिटेक्निक छात्रों के लिए वेदांता लांजीगढ़ ने आयोजित किया वृहद् औद्योगिक दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लांजीगढ़।** भारत के प्रमुख स्मेल्टर-ग्रेड एल्यूमिना उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की एक इकाई वेदांता लांजीगढ़ ने भवानीपटना के पॉलिटेक्निक सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए एक व्यापक औद्योगिक दौरा आयोजित किया। इस दौरे में लांजीगढ़ में वेदांता की विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी के व्यापक प्लांट का दौरा शामिल था, जिससे छात्रों को एल्यूमिना उत्पादन प्रक्रिया और औद्योगिक संचालन के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली।

इस पहल ने सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक औद्योगिक प्रदर्शन के बीच एक सेतु का काम किया, जिससे छात्रों को अत्याधुनिक विनिर्माण संचालन का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। यह औद्योगिक दौरा ओड़िशा के दूरदराज के क्षेत्रों में कौशल विकास और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेदांता लांजीगढ़ के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। वेदांता नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम, इंटर्नशिप और कार्यशालाएं भी आयोजित करता है, जिनका उद्देश्य स्थानीय छात्रों को आज के कार्यस्थलों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। इस तरह के इमर्सिव अनुभव प्रदान करके वेदांता का लक्ष्य अगली पीढ़ी के पेशेवरों को औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से प्रेरित और सुसज्जित करना है।

वेदांता लिमिटेड के एल्युमिना बिजनेस के सीइओ प्रणब कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि वेदांता में, हमारा लक्ष्य आज के युवाओं को टिकाऊ करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान करना है। हम दृढ़ता से ऐसे अवसर बनाने में विश्वास करते हैं जो युवा दिमागों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सशक्त बनाते हैं। क्षेत्र के छात्रों को उद्योग से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करके, हम उनके भविष्य के लिए एक मजबूत नींव बनाने की उम्मीद करते हैं।

छात्रों के साथ आए संकाय सदस्य शशिकांत बेहरा ने कहा कि यह दौरा हमारे छात्रों के लिए एक मूल्यवान शिक्षण अनुभव रहा है, इसने न केवल उन्हें प्रेरित किया, बल्कि उन्हें उद्योग और भविष्य में संभावित करियर के अवसरों की गहरी समझ भी दी। इस दौरे ने वास्तव में उन्हें विनिर्माण उद्योग के भीतर विभिन्न करियर पथों की बेहतर समझ दी है।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दिये सदस्य बनाने के टिप्स



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार भाजपा मंडल की बैठक मंगलवार को साहू धर्मशाला में भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आये जिला के पदाधिकारी, सदस्य, मंडल के पदाधिकारी व सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक, मंच मोर्चा के पदाधिकारी, सदस्य, शक्ति केंद्रों के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पधाधिकारी, सदस्य, भाजपा के कार्यकर्ताओं को श्री सिंह ने सदस्य बनाने के कई टिप्स दिये और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्हें बताया गया कि पिछली बार सदस्यता अभियान में उनके नेतृत्व में धनवार विधान सभा इस अभियान में पूरे प्रदेश मे पहल स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने पुनः सभी मंडलों को साथ मिल कर बेहतरीन करने की अपील की। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पवन साव, मंडल अध्यक्ष अमित साव, श्रीकांत राय, कृष्णदेव रजक, नांदलाल साव, शंभू बरनवाल, मंटू कुमार पंकज, अरविंद साव, राजेंद्र अग्रवाल, श्याम सुंदर बरनवाल, विकेंद्र साव मौजूद थे।

## उपेक्षित बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित आंदोलन है जागोः एसओए उपाध्यक्ष



- इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च में आयोजित किया गया कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एसओए की उपाध्यक्ष शाश्वती दास ने कहा कि 'जागो', यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) के छात्रों से जुड़ा एक आंदोलन है, जो समाज के सबसे निचले तबके के बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आइटीइआर) में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह एक चुनौती है और इसका लक्ष्य उन बच्चों का समग्र विकास करना है, जो अपनी परिस्थितियों के कारण उपेक्षित हैं। नये छात्रों का स्वागत करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई जारी रखने वालों को सामाजिक कार्यों और समाज को लाभ पहुंचाने वाले कार्यक्रमों में गहरी रुचि लेने के लिए धन्यवाद दिया। बड़ी संख्या में एसओए छात्र कक्षाओं के बाद अपना खाली समय झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों को पढ़ाने में बिता रहे हैं, जबकि विश्वविद्यालय उनके स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों का ख्याल रखता है। शाम को छात्रों को पढ़ाने के लिए बच्चों को विश्वविद्यालय बसों द्वारा परिसर में लाया जाता है।

सुश्री दास ने कहा कि गरीबी के कारण अक्सर दुर्लभ प्रतिभाएं लुप्त हो जाती हैं, लेकिन जागो का उद्देश्य ऐसे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना और उनके व्यक्तित्व को आकार देना है। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय के विकास और उपलब्धियों के लिए एसओए के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों द्वारा किये गये योगदान का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में शामिल हुए एसओए के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंदा ने कहा कि 'जागो' को जुलाई 2007 में डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिये जाने के तुरंत बाद लॉन्च किया गया था। आंदोलन में शामिल छात्र जिम्मेदार बन रहे थे नागरिकों। कार्यक्रम को प्रो (डॉ.) संघमित्रा मिश्रा, डीन, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड एसयूएम हॉस्पिटल, प्रो (डॉ) नीता मोहंती, डीन, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, प्रो रेनू शर्मा, अतिरिक्त डीन (छात्र), अफेयर्स), आईटीईआर और प्रो. अनीता पांडा, जागो की मेंटर ने भी संबोधित किया। प्रो पीके साहू, डीन, आइटीइआर, प्रोफेसर मानस कुमार मल्लिक, निदेशक, आइटीइआर और आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के प्रोफेसर (डॉ) बसंत कुमार पति उपस्थित थे।

## पुलिस एसोसिएशन के लोगों ने बोकारो विधायक श्वेता सिंह से मुलाकात की



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पुलिस एसोसिएशन की बोकारो शाखा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बोकारो विधायक श्वेता सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही जिला पुलिस पदाधिकारी और कर्मी की समस्याओं से अवगत कराया। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बोकारो विधायक से पुलिस क्लब सेक्टर 4 सिटी सेंटर बोकारो में एक सामुदायिक भवन निर्माण करवाने की मांग की। बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने आश्वासन दिया गया कि निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जायेगा।

## महानदी में तैरता मिला प्रोफेसर का शव

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के कटक जिले में मंगलवार को एक प्रोफेसर का शव महानदी में तैरता हुआ मिला। रिपोर्ट्स के मुताबिक लापता प्रोफेसर का शव महानदी से बरामद किया गया। कटक के जोबरा एनीकट के गेट नंबर 94 से शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान भुवनेश्वर के पटिया इलाके के बैष्णव चरण सिंह के रूप में हुई है। वह 78 साल के हैं और रिटायर्ड प्रोफेसर थे। प्रोफेसर के परिवार ने 15 दिसंबर को नंदनकानन पुलिस स्टेशन में बैष्णब के लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी। अमंगलवार को उनका शव महानदी से बरामद किया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## सतर्कता बरतने वाले पांच रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने सम्मानित किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** खोरधा रोड मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने के बारे में अच्छी जानकारी रखने वाले मंडल के पांच रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नमोनारायण मीना सहित अन्य शाखा अधिकारी मौजूद थे।


**ये हैं पांच कर्मचारी :** सुधांशु शेखर प्रधान, गेटमैन/कटक, सनातन बेहरा, कनिष्ठ इंजीनियर/ विद्युत/ कटक, मधु सूदन धीबर, ट्रैक मेंटेनर/ हरिचंदनपुर, स्मृति रंजन दास, वेल्डर/भद्रक और बीरेंद्र सिंह, तकनीशियन-क/भद्रक।

भद्रक के वेल्डर स्मृति रंजन दास और भद्रक के तकनीशियन बीरेंद्र सिंह को केंदुआपदा स्टेशन पर आयोजित पूर्ण पैमाने पर आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल के दौरान किये गये बचाव कार्यों में उनके विशेष प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।












**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–08 ऑफ 2024–25/ खुला/गति शक्ति, डीडीयू।**

मडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.–08–डीडीयू–उप मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति–24–25,**

(I) **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** डी.डी.यू. मंडल के गति शक्ति ईकाई के अधीन डीडीयू डिवीजन में "बुकिंग कार्यालय के स्थानांतरण और सर्कुलेटिंग क्षेत्र को अमृत स्टेशन के रूप में बढ़ाकर डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन के उन्नयन" का सिविल इंजीनियरिंग कार्य। (ii) **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 4,17,18,802.06 (iii) **धरोहर राशि :** ₹ 3,58,600.00 (iv) **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 30.12.2024 को 12:00 बजे तक। (v) **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in **नोट:–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/01701/डीडीयूजीएस/डीएनआरजीएस/टी/24-25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/30/खुली/2024–25, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** अन्य संबंधित कार्यों के साथ–साथ रिले रूम में उपलब्ध एसी की आउटडोर यूनिट के लिए टाइमर, कवर्ड शेड का प्रावधान एवं धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्टों के लिए आपातकालीन कॉल बेल का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : नौ माह)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 88,59,813.62, **क्र.सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,77,200.00

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/31/खुली/2024–25, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद कोचिंग डिपो में स्वचालित कोच वॉशिंग प्लांट (ए सी डब्ल्यू पी) की स्थापना और कमीशनिंग से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 16,24,389.38, **क्र.सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 32,500.00

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/32/खुली/2024–25, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (ए) बरवाडीह गहन परीक्षण यार्ड में परीक्षण सुविधाओं में सुधार से सम्बंधित वैद्युतिक कार्य (बी) धनबाद डिवीजन में पतरातू और पाथरडीह में माल वैगन रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन और वृद्धि से सम्बंधित शेष वैद्युतिक कार्य (सी) बरवाडीह में ओवर हेड कंडक्टर, ट्रांसफॉर्मर और अन्य एक्सेसरीज के बदलाव के द्वारा बिजली आपूर्ति प्रणाली की पुनर्स्थापना। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 81,57,410.68, **क्र.सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,63,200.00

• **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 09.01.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 09.01.2025 को 11:30 बजे के बाद। • **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01703/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24-25/72










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**